केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

जीवन में इतनी गलतियां नहीं करनी चाहिये कि पेंसिल से पहले रबर घिस जाए, और रबर को भी इतना मत घिसो कि जिन्दगी का पेज ही फट जाये...

वर्ष : 16 अंक : 174 | उज्जैन, गुरुवार 04 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

# बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाएं : मुख्यमंत्री

**स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर गतिविधियों का करें संचालन**



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियां बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वस्थ सर्वांगीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं। अधिक से अधिक लोगों तक विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों का सुगमता पूर्वक लाभ पहुंचाने के लिए सुशासन की भावना के अनुसार पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए गतिविधियों का संचालन किया जाए। कार्यक्रम क्रियान्वयन के अनुवीक्षण में आईटी का अधिक से अधिक उपयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य के लिए स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग तथा महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए कौशल उन्नयन व रोजगार की दृष्टि से तकनीकी शिक्षा तथा उद्योग विभाग से बेहतर समन्वय कर गतिविधियां संचालित करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। मंत्रालय में हुई बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों का प्रेजेंटेशन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी वर्षों की कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि किसी भी चरण पर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का ड्रॉप आउट न हो। ड्रॉपआउट होने वाली बालिकाओं पर सख्त निगरानी रखी जाए और तुरंत कारणों का निराकरण कर उन्हें योजना में पुनः जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पारदर्शिता, समयबद्धता और लाभार्थी-केंद्रित व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला स्तर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से समन्वय कर आंगनवाड़ियों की बाउण्ड्रीवॉल बनवाने के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने जिलों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की प्रभावशीलता का अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान से वैज्ञानिक आधार पर अध्ययन कराने और उनकी उपयुक्तता के आधार पर अन्य जिलों में क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत भवनों की डिज़ाइन एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग मॉड्यूल को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। इसी योजना में प्रदेश को सर्वाधिक 704 आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति मिली है, जिनमें निर्माण प्रगति देश में सर्वोच्च है। कुपोषण निवारण में झाबुआ जिले के मोटी आई नवाचार को देश के सर्वोच्च सम्मान–प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की पूर्णतः ऑनलाइन पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू करने में मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य बना।

टेक होम राशन की एफआरएस प्रक्रिया में मध्यप्रदेश प्रथम। राष्ट्रीय स्तर पर हुई सराहना।

स्पॉन्सरशिप योजना में 20,243 बच्चों को लाभ। प्रदेश, देश में दूसरे स्थान पर रहा।

भवन निर्माण की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए अत्याधुनिक मॉड्यूल विकसित किया गया।

उपस्थिति के लिए 20 मीटर जियो-फेंसिंग व्यवस्था डिजिटल पारदर्शिता की मिसाल बनी।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 9.70 लाख गर्भवती महिलाओं को 512 करोड़ रूपए से अधिक की सहायता उपलब्ध कराई गई।

लाड़ली बहना योजना में जनवरी 2024 से नवंबर 2025 तक 36 हजार 778 करोड़ रूपए का अंतरण कि किया गया।

1 लाख 72 हजार महिलाओं को महिला हेल्पलाइन से सहायता प्रदान की गई। वन स्टॉप सेन्टर्स द्वारा 52,095 महिलाओं को सुरक्षा उपलब्ध कराई गई।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत 6,520 ड्राइविंग लाइसेंस और 8,637 बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑरेंज गेट से मरीन ड्राइव की घटेगी दूरी, देश की पहली शहरी टनल का काम शुरू



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** आने वाले म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनावों को देखते हुए, महायुति सरकार यह पक्का कर रही है कि हाई-वैल्यू और हाई-विज़िबिलिटी प्रोजेक्ट्स शुरू हों। मुंबई के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए, ऑरेंज गेट-मरीन ड्राइव टनल का कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस प्रोजेक्ट के लिए टनल बोरिंग मशीन लॉन्च की। ये टनल शहर के ऑरेंज गेट के पूर्वी इलाकों को मरीन ड्राइव से जोड़ती है। यह टनल ईस्टर्न फ्रीवे को कोस्टल रोड नेटवर्क से जोड़ेगी। इसका अलाइनमेंट लगभग 700 प्रॉपर्टीज़ के नीचे से गुजरता है, जिसमें सदियों पुराने हेरिटेज स्ट्रक्चर भी शामिल हैं। इस ट्विन टनल की कुल लंबाई 9.96 km है, जिसमें 3-3.5 km के हिस्से में दो लेन और एक इमरजेंसी लेन होगी। इसमें एडवांस्ड वेंटिलेशन, ITS स्मार्ट मोबिलिटी टेक्नोलॉजी और सेफ्टी और एफिशिएंसी के लिए AI-इनेबल्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शामिल होगा। एक बार प्रोजेक्ट पूरा हो जाने पर, यह टनल लोगों के हजारों घंटे बचाएगी। इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए MMRDA का कमिटमेंट तारीफ के काबिल है। यह पहल मुंबई के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और शहर के लंबे समय के ग्रोथ विजन को सपोर्ट करने में एक बड़ी भूमिका निभाएगी। ट्विन-टनल प्रोजेक्ट के साथ, एक और अहम कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का कंस्ट्रक्शन भी शुरू हो गया है। जिसे एलिवेटेड ईस्टर्न फ्रीवे एक्सटेंशन कहा जा रहा है। यह प्रोजेक्ट यात्रियों को साउथ मुंबई से ठाणे तक सिर्फ 25-30 मिनट में सफर करने में मदद करेगा। MMRDA ने 13.19km लंबे, पूरी तरह से एलिवेटेड 6-लेन हाई-स्पीड कॉरिडोर का कंस्ट्रक्शन शुरू कर दिया है।

### ईडी ने श्रीसन फार्मास्युटिकल के मालिक की 2.04 करोड़ की संपति की जब्त




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कोल्ड्रिफ मिलावटी कफ सीरप बेचने से जुड़े मनी लॉड्रिंग के आरोपों के तहत ईडी ने श्रीसन फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरर के मालिक जी. रंगनाथन की 2.04 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति जब्त की है। इस मिलावटी कफ सीरप के कारण मध्य प्रदेश में 20 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई थी। ईडी के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने इन संपत्तियों को जब्त किया है। इनमें चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित दो आवासीय फ्लैट शामिल हैं, जिनके मालिक जी. रंगनाथन और उनके परिवार के सदस्य हैं। ये संपत्तियां दो दिसंबर को प्रीवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत जब्त की गईं। ईडी ने अनुसूचित अपराधों से संबंधित दो एफआइआर के आधार पर पीएमएलए के तहत जांच शुरू की। मध्य प्रदेश पुलिस ने रंगनाथन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस, 2023) की धारा 105 (आइपीसी की धारा 304) के तहत मिलावटी कफ सीरप बनाने और बेचने के आरोप में एफआइआर दर्ज की। आआईआआ में आरोप लगाया गया है कि श्रीसन फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरर, चेन्नई द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सीरप में विषाक्त ग्लाइकाल कंपाउंड मौजूद थे और इसके सेवन के बाद बच्चों में गुर्दे के काम बंद कर देने के कई मामले सामने आए। प्रयोगशाला निष्कर्षों से डायएथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) 48.6 प्रतिशत भार/आयतन और एथिलीन ग्लाइकाल (ईजी) 46.28 प्रतिशत भार/आयतन की उच्च मात्रा की पुष्टि हुई, जो सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक है। श्रीसन फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरर, चेन्नई द्वारा अपनाई गई लापरवाही और मिलावटी निर्माण पद्धतियों के कारण कोल्ड्रिफ कफ सीरप में विषाक्तता उत्पन्न हुई।

## तंबाकू-सिगरेट पर लगने वाले उत्पाद शुल्क के राजस्व में राज्यों की भी हिस्सेदारी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** जीएसटी दरों में बदलाव के बाद तंबाकू-सिगरेट पर भारी शुल्क जारी रखने और उसकी बिक्री को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से लाए जा रहे केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को लोक सभा से पारित हो गया। लोक सभा में इस पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि कई सांसद समझ रहे हैं कि यह विधेयक तंबाकू-सिगरेट पर सेस लगाने के लिए लाया जा रहा है। कई सांसद यह भी मान रहे हैं कि इससे मिलने वाला राजस्व केंद्र सिर्फ अपने पास रखेगा। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह विधेयक कहीं से सेस से संबंधित नहीं है। इस शुल्क कानून के जरिए मिलने वाले राजस्व में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्यों की होगी। इस कानून के तहत सरकार तंबाकू-सिगरेट जैसे हानिकारक आइटम पर पहले के मुकाबले कई गुना अधिक शुल्क वसूलने जा रही है। ताकि इसकी खरीदारी कम से कम लोग कर सके और देश स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो सके। हालांकि इस उत्पाद शुल्क कानून के दायरे से बीड़ी को बाहर रखा गया है।

सीतारमण ने संसद में बताया कि सरकार तंबाकू, सिगरेट की बिक्री को हतोत्साहित करने के लिए भारी शुल्क के साथ तंबाकू की खेती करने वाले किसानों को भी अन्य वैकल्पिक खेती करने की भी सलाह दे रही है।

## प्रतिभाओं के आने जाने को रोकने वाले देश रहेंगे घाटे में: जयशंकर का बिना नाम लिए अमेरिका पर निशाना



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** अमेरिका व कुछ अन्य देशों की तरफ से भारतीय प्रतिभाओं को अपने यहां रोजगार देने की राह में अड़चन पैदा करने वालों को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चेतावनी दी ही है कि ऐसा करके वो अपने हितों को भी नुकसान पहुंचाएंगे। बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में जयशंकर ने साफ कहा कि जो देश पेशेवरों और कुशल प्रतिभा के सीमा-पार आवागमन में अड़ंगे लगा रहे हैं, वे अंततः खुद ही नेट लूजर साबित होंगे।

उन्होंने इस बारे में अपनी सरकार की तरफ से उठाये जाने वाले कदमों को गिनाया और यह बताया कि भारत को दुनिया के दूसरे देशों को यह समझाना होगा कि एक दूसरे की प्रतिभाओं का उपयोग दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।

अमेरिका की ट्रंप सरकार की नई नीति एच-1बी वीजा को हतोत्साहित करने की है। ऐसे में जयशंकर ने बगैर किसी देश का नाम लिये कहा कि, अगर आप अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग के दौर में कदम रख रहे हैं, तो आपको ज्यादा प्रतिभा चाहिए होगी। प्रतिभा के प्रवाह में बहुत ज्यादा रुकावटें डालने वाले देश खुद ही नुकसान में रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कई बार तकनीक और उद्यमिता के अग्रणी लोग ही मोबिलिटी के पक्ष में सबसे मजबूत आवाज उठाते हैं, जबकि कुछ राजनीतिक आधार वाले लोग इसका विरोध करते हैं। विदेश मंत्री ने प्रतिभाओं के आवागमन को रोकने को लेकर चल रही राजनीति को चीन से मैन्युफैक्चरिंग हब को बाहर ले जाने की कुछ कंपनियों की कोशिशों से भी जोड़ा। उनका इशारा साफ था कि विकसित देशों में रोजगार का दबाव विदेशी पेशेवरों के आने से कम, बल्कि मैन्युफैक्चरिग को बाहर जाने देने से ज्यादा है।

प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने बताया कि पिछले साल भारत को 135 अरब डॉलर की राशि विदेशों से रेमिटेंस के तौर पर मिला। जो अमेरिका को हमारे निर्यात का लगभग दोगुना है। यह सिर्फ रेमिटेंस है। इसके अलावा विदेश में बसे भारतीयों ने वहां अपनी आजीविका बनाई, संपत्ति बनाई, यह सब अलग से जोड़ें तो योगदान और बड़ा है।

## केरल, तमिलनाडु यदि केंद्रीय योजनाओं को ठीक से अपनाए तो केंद्र फंड देने को तैयार हैः धर्मेंद्र प्रधान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** विपक्ष शासित राज्यों को केंद्र की ओर से समग्र शिक्षा की राशि न दिए जाने के आरोपों को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खारिज किया है और कहा कि समग्र शिक्षा कोई पार्टी पालिसी नहीं है बल्कि इसके जरिए उन राज्यों को वित्तीय मदद दी जाती है जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) व पीएम-श्री को ठीक से अपना रहे है।

इनमें हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब और तेलंगाना जैसे विपक्ष शासित राज्य भी है। जिन्हें समग्र शिक्षा के तहत उनके हिस्से की पूरी राशि दी गई है। रही बात केरल व तमिलनाडु की तो यदि वह भी बगैर किसी शर्त को थोपे केंद्रीय योजनाओं को ठीक से अपनाने के लिए तैयार हैं तो वह उन्हें पैसा देने को तैयार है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में समग्र शिक्षा से जुड़े सवालों के जवाब में यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल का नाम लेते हुए कहा कि वहां का मामला इन राज्यों से बिल्कुल अलग है। टीएमसी सांसदों से इस पर उन्हें टोकते हुए पूछा पश्चिम बंगाल का मामला कैसे अलग है। इस पर प्रधान ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने तो समग्र शिक्षा का पैसा पार्टीबाजी में खर्च किया। इसे लेकर सदन में टीएमसी ने शोर-शराबा किया व प्रधान की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाने की मांग की।

## सपा की महिला सांसदों की तस्वीर की क्यों हो रही चर्चा?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। स्ढ्क्र को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। हालांकि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सहमति के बाद संसद में जारी गतिरोध टूट गया है और बुधवार से इसके सुचारू से चलने का रास्ता साफ हो गया है।

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष सीधे एसआईआर पर चर्चा के बजाय सरकार के चुनाव सुधारों के विस्तृत मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हो गया।

सोमवार को सत्र की शुरुआत में इसका असर सदन के भीतर के भी दिखा और हंगामे के कारण बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। वैसे सरकार ने सोमवार को ही संकेत दे दिया था कि वह चर्चा के लिए तैयार है। मंगलवार को सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी पार्टियों की बैठक बुलाई, जिसमें संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने चर्चा पर सहमति दी, लेकिन सीधे एसआईआर के बजाय चुनाव सुधारों के व्यापक मुद्दे पर चर्चा कराने की शर्त रखी। इसके साथ ही सरकार की ओर वंदे मातरम् पर चर्चा के लिए विपक्ष का समर्थन मांगा।

## कंट्रोल करो, नहीं तो ताला लगा देंगे, बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, करकार ने भी सभी इंडस्ट्रीज को दिया अल्टीमेटम



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बढ़े वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने दिल्ली-एनसीआर में चलने वाले सभी उद्योगों को 31 दिसंबर तक आनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली व वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण को लगाने के निर्देश दिए है।

ऐसा न करने पर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। जिसमें इन्हें बंद भी किया जा सकता है। मौजूदा समय में दिल्ली-एनसीआर में ऐसे 2254 उद्योग है, जो इससे लैस नहीं है। माना जा रहा है कि इनमें से अधिकांश उद्योग बड़े स्तर पर प्रदूषण फैलाने वाले है।






## कमांडो, स्नाइपर्स और ड्रोन... पुतिन के लिए 5-लेयर सिक्योरिटी, विदेशी नेटवर्क पर भी भारत की पैनी नजर



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर सालाना भारत-रूस समिट में शामिल होने के लिए दिल्ली आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति पीएम मोदी के साथ खाना खाएंगे। अगले दिन राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा।

शुक्रवार को बाद में, पुतिन का राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर जाने का कार्यक्रम है। इसके बाद पुतिन हैदराबाद हाउस में समिट और भारत मंडपम में एक इवेंट में शामिल होंगे। वह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से दी गई दावत में भी शामिल होंगे।

पुतिन के लिए 5 लेयर सुरक्षा घेरा- राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुतिन के लिए पांच लेयर का सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। सूत्रों ने बताया है कि एक्शन से भरपूर इस यात्रा के दौरान टॉप सिक्योरिटी पक्का करने के लिए, रूस से चार दर्जन से ज्यादा टॉप सिक्योरिटी ऑफिसर पहले ही दिल्ली पहुंच गए हैं।

रूस की प्रेसिडेंशियल सिक्योरिटी सर्विस के हाई-ट्रेंड लोग, भारत के नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के टॉप कमांडो, स्नाइपर्स, ड्रोन, जैमर और AI मॉनिटरिंग - रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पहले पांच-लेयर सिक्योरिटी घेरा तैयार किया गया है।

जैमर, AI मॉनिटरिंग और फेशियल रिकग्निशन कैमरे- दिल्ली पुलिस और ह्स्त्र के अधिकारियों के साथ, ये अधिकारी रूसी राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने वाले हर रास्ते को सैनिटाइज कर रहे हैं। खास ड्रोन यह पक्का करेंगे कि राष्ट्रपति की सिक्योरिटी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम की नजर हर समय उनके काफिले पर रहे। कई स्नाइपर राष्ट्रपति के आने-जाने के रास्ते को कवर करेंगे।

जैमर, AI मॉनिटरिंग और फेशियल रिकग्निशन कैमरे पुतिन की सिक्योरिटी के लिए बड़े पैमाने पर की गई टेक डिप्लॉयमेंट में कुछ इक्विपमेंट हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पांच-लेयर सिक्योरिटी रिंग की योजना बनाई गई है, और पुतिन के लैंड करते ही उनमें से हर एक एक्टिव हो जाएगा। सिक्योरिटी डिटेल में हर कोई कंट्रोल रूम के लगातार टच में रहेगा।

बाहरी लेयर में ह्स्त्र और दिल्ली पुलिस के अधिकारी- NSG और दिल्ली पुलिस के अधिकारी सिक्योरिटी की बाहरी लेयर का हिस्सा होंगे, जबकि रूसी प्रेसिडेंशियल सिक्योरिटी अंदरूनी लेयर को संभालेगी। जब रूस के प्रेसिडेंट प्रधानमंत्री मोदी के साथ होंगे, तो भारत के स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के कमांडो, जो प्रधानमंत्री की सुरक्षा करते हैं, अंदरूनी सिक्योरिटी घेरे में शामिल हो जाएंगे।

# पुलिस कमिश्नर ने हेलमेट जागरूकता अभियान में दिया संदेश- सुरक्षा पहले, नियम हमेशा




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में सड़क सुरक्षा को लेकर चल रहे जागरूकता अभियान के तहत नवलखा चौराहे पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस कमिश्नर नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह स्वयं मौजूद रहे। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह और पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) श्री आनंद कलादगी भी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों का महत्व समझाना और हेलमेट सहित सभी सुरक्षा उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर ने उन वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए जिनके पास वाहन के सभी वैध दस्तावेज मौजूद थे। कुछ चालकों को नियम उल्लंघन पर पहले चालान किया गया और तत्पश्चात सुरक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हें हेलमेट प्रदान किए गए। वहीं कई जिम्मेदार चालक ऐसे भी मिले जो पहले से हेलमेट पहनकर चल रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उनकी सराहना करते हुए सम्मान स्वरूप उन्हें उपहार दिए।

अभियान के दौरान लोगों ने पुलिस से अपने अनुभव साझा किए। कुछ ने बताया कि उन्होंने अपने परिवार में सड़क दुर्घटनाओं का दर्द झेला है, जबकि कई लोग पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर हेलमेट का उपयोग करना शुरू कर चुके हैं। सभी ने स्वीकार किया कि नियमों का पालन न करने से होने वाली दुर्घटनाएँ अक्सर गंभीर परिणाम दे जाती हैं, इसलिए स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग बेहद आवश्यक है।

पुलिस कमिश्नर ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों से कहा कि इंदौर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि सुरक्षा नियमों को समझें और स्वेच्छा से उनका पालन करें। साथ ही उन्होंने जिम्मेदार नागरिकों से कहा कि वे अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाएं। मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, ट्रैफिक स्टाफ, ट्रैफिक प्रहरी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जायेगा

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर में 07 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे से सशस्त्र सेना झंडा दिवस गरिमामय रूप से मनाया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रत्येक वर्ष 07 दिसंबर को सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं राष्ट्र सेवा में महती भूमिका निभाने हेतु मनाया जाता है। इसके साथ ही सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के नागरिकों में देश प्रेम को बढ़ावा देने एवं सेना के प्रति आस्था एवं आभार प्रकट करने का एक शुभ-अवसर भी है। इस दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की सहायता एवं कल्याण हेतु नागरिकों से स्वेच्छा से धन राशि का सहयोग भी लिया जाता है। उल्लेखनीय है की सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश की आजादी के उपरांत से ही प्रत्येक वर्ष 07 दिसंबर को देशभर में मनाया जाता है। इस अवसर पर मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा एवं पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों की समस्या का निदान एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आयोजन के दौरान दी जाएगी। क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिक विधवाओं एवं आश्रितों से आग्रह किया गया है की 07 दिसंबर 2025 को प्रातः 10-45 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयरामपुर कॉलोनी इंदौर में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## इंदौर में 12 दिसंबर को रणजीत अष्टमी के अवसर पर पूर्ण आस्था, श्रद्धा और अपार उत्साह के साथ निकलेगी विशाल प्रभात फेरी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में आगामी 12 दिसम्बर को पावन रणजीत अष्टमी के अवसर पर रणजीत हनुमान मंदिर से विशाल प्रभात फेरी पूर्ण श्रद्धा,आस्था और अपार उत्साह के साथ आयोजित की जायेगी। इस प्रभात फेरी में भगवान श्री रणजीत विशेष स्वर्ण रथ में सवार होकर नगर का भ्रमण करेंगे। इस विशाल आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज श्री रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में आयोजन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े श्रद्धालुओं को सभी तरह की सुविधाएं रहें। सुरक्षा के भी पूरे इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में तय किया गया कि प्रभात फेरी मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। शराब पीकर आने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यात्रा मार्ग पर किसी भी तरह के शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस पर कूनो में 3 चीते छोड़ेंगे जंगल में

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस पर गुरुवार 4 दिसम्बर को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 3 चीतों को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश को चीता परियोजना की सौगात मिली थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 17 सितम्बर, 2022 को अपने जन्म-दिवस पर कूनो पालपुर में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। नामीबिया से 8 चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था। वर्तमान में कूनो पालपुर और गाँधी सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में प्रोजेक्ट चीता को इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। चीतों ने भारतीय वातावरण को आश्चर्यजनक रूप से पूरी तरह अपना लिया है। पिछले 3 वर्षों में 5 मादा चीता द्वारा 6 बार शावकों को जन्म देना इस परियोजना की सफलता और लचीलापन का परिचायक है। परिणाम स्वरूप चीते न केवल जीवित रहे, बल्कि चीतों ने सफलतापूर्वक अपना परिवार भी बढ़ाया है। अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस का मुख्य उद्देश्य चीतों की घटती आबादी, उनके आवास के नुकसान और शिकार जैसी समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके संरक्षण के लिये वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना है।

## इंदौर क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई: 53 ग्राम से अधिक 'MD' ड्रग के साथ तस्कर अमजद गिरफ्तार






**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 53.39 ग्राम मादक पदार्थ MD के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। मामले में आरोपी की सफेद रंग की स्कूटी भी जब्त की गई, जिससे कुल मशरूका मूल्य लगभग 6 लाख रुपये हो गया। यह कार्रवाई शासकीय पशु चिकित्सालय के सामने पत्थर गोदाम रोड पर की गई, जहां क्राइम ब्रांच की टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर मौके से एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी की पहचान अमजद पिता जाफिर बेग, निवासी खजराना, इंदौर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से MD ड्रग बरामद की गई।

प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ते दामों में मादक पदार्थ खरीदकर शहर के नशे के आदी लोगों को महंगे दामों में बेचता था। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर क्राइम ब्रांच लगातार ऐसे तत्वों के खिलाफ अभियान चला रही है। वर्ष 2025 में अब तक क्राइम ब्रांच द्वारा 100 से अधिक कार्रवाई की जा चुकी हैं, जिनमें 170 आरोपी गिरफ्तार किए गए और लगभग 4 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक का मशरूका जप्त किया गया है।

आरोपी अमजद के खिलाफ अपराध क्रमांक 208/2025, धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की विवेचना की जा रही है और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी शुरू कर दी गई है।

## एमपी ट्रांसको इंदौर के सबस्टेशनों में रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल से बढ़ी सजगता



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा इंदौर क्षेत्र सहित प्रदेश में सबस्टेशनों की सुरक्षा एवं कार्यप्रणाली में सुधार हेतु शुरू की गई रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। इन निरीक्षणों के बाद सबस्टेशनों पर तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों में कार्य के प्रति सजगता और अनुशासन का स्तर बढ़ा है, वहीं लापरवाही के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई है। इस पहल से न केवल सुरक्षा में मजबूती आई है, बल्कि यार्ड संचालन एवं कार्य दक्षता में भी सुधार देखा गया है।

सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस में भी मिला फायदा- इंदौर के अधीक्षण अभियंता जयेश चौपडा ने बताया कि रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की यह परंपरा पूर्व मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव के कार्यकाल में प्रारंभ की गई थी। उस समय इंदौर क्षेत्र में सबस्टेशनों के ट्रांसफॉर्मरों के न्यूट्रल से जुड़े अत्यंत संवेदनशील एवं बहुमूल्य तांबे की स्ट्रिप एवं आईसोलेटर के कापर ब्लेड चोरी की घटनाएँ सामने आती थीं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल अब तक प्रभावी सिद्ध हुई है। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक अधिकारी को सबस्टेशन का फोटो व वीडियो प्रमाण सहित निरीक्षण विवरण विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किये जा रहें है, जिससे सम्पूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

## दिनदहाड़े चोरी का खुलासा: पति-पत्नी गिरफ्तार, 23.50 लाख का माल बरामद – लसूडिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई नकबजनी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए पति-पत्नी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना लसूडिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गए 19 लाख रुपये नकद, डेढ़ लाख की सोने की चेन, एक चाकू, एक लोहे का कटर और चोरी की गई रेनॉल्ट डस्टर कार सहित कुल 23 लाख 50 हजार रुपये का मश्रूका बरामद कर लिया है।

घटना अनुराग नगर, स्कीम नं. 94 के एक मकान से शुरू हुई, जहाँ 26 नवंबर को फरियादी बाबूलाल शर्मा के घर में घुसकर आरोपी ने 21 लाख रुपये और सोने की चेन चोरी की थी। घर में लगे कैमरों की फुटेज में आरोपी खिड़की से अंदर और बाहर आते जाते दिखाई दिया था। इसके अलावा 22 नवंबर को आईसीआईसीआई बैंक, बांबे हॉस्पिटल रोड के शटर का ताला काटकर चोरी का प्रयास भी इन्हीं आरोपियों द्वारा किया गया था। बैंक के अंदर अलमारियों के दरवाज़े खुले मिले, हालांकि सामान चोरी नहीं हुआ।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त जोन-2 के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लसूडिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी अरुण पिता नन्नु भील, उम्र 21 वर्ष, निवासी बोरगांव बुजुर्ग (वर्तमान- रामनगर, इंदौर) को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने न सिर्फ नकद और चेन चोरी की बात कबूली, बल्कि दो माह पहले उसी घर के बाहर से रेनॉल्ट डस्टर कार चोरी करना भी स्वीकार किया। इसके साथ ही उसने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक में चोरी का प्रयास उसने अपनी पत्नी नंदनी की मदद से किया था। पुलिस ने नंदनी (उम्र 19) को भी गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी दंपति महंगे शौक पूरा करने के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। दोनों के खिलाफ लसूडिया थाने में पहले से तीन मामले बी.एन.एस. की धाराओं के तहत दर्ज हैं। पुलिस अब दोनों से रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ करेगी ताकि अन्य संभावित वारदातों का भी खुलासा हो सके।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी तारेश सोनी और उनकी टीम–उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक प्रणीत भदौरिया, नीरज रघुवंशी, रविन्द्र कुशवाह, अजय प्रजापत, आरक्षक आनंद जाट, दिनेश गुर्जर, हेमराज सिलोटे और महिला सैनिक शैला जाधव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में बढ़ते नकबजनी मामलों पर लगाम लगाने में सफलता मिली है।

## नव वर्ष एवं तिल चतुर्थी महोत्सव के लिए श्री खजराना गणेश मंदिर में विशेष व्यवस्थाएँ रहेंगी

### कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में श्री खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति की बैठक संपन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के प्रसिद्ध श्री खजराना गणेश मंदिर में नव वर्ष की पूर्व संध्या एवं नव वर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएँ की जाएंगी। साथ ही, आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले तिल चतुर्थी महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और सात दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में अनेक ऑनलाइन सुविधाएँ प्रारंभ करने का निर्णय भी लिया गया है। यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई श्री खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में दी गई। बैठक में दोनों आयोजनों की तैयारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, अपर कलेक्टर श्रीमती निशा डामोर, श्री राकेश शर्मा, मुख्य पुजारी श्री अशोक भट्ट, श्री जयदेव भट्ट, श्री विनित भट्ट, पुलिस, नगर निगम, जिला प्रशासन तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि नव वर्ष एवं तिल चतुर्थी महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। मंदिर परिसर में भीड़ प्रबंधन, पेयजल, पार्किंग, सफाई, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े सभी इंतजाम समय पर पूर्ण किए जाएँ। ऑनलाइन सुविधाओं का विस्तार कर श्रद्धालुओं को सुगम और आधुनिक सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय कर तैयारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि अंग्रेजी नव वर्ष की पूर्व संध्या तथा पहले दिन श्रद्धालुओं के लिये अनेक व्यवस्थाएं की जायेंगी। भगवान श्री गणेश का विशेष श्रंगार किया जायेगा। इन दोनों दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में विशेष विद्युत और फुलों से सजावट की जायेगी। आगामी 31 दिसम्बर को रात्रि 11 बजे तक ही श्रद्धालुओं का प्रवेश मंदिर में रहेगा। मंदिर में एक जनवरी 2026 को प्रात- 4 बजे से दर्शन पुन- प्रारंभ किया जायेगा। आगामी 31 दिसम्बर को पूजारी श्री जयदेव भट्ट महाआरती करेंगे।

श्री खजराना गणेश मंदिर में 6 जनवरी से तिल चतुर्थी महोत्सव प्रारंभ होगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। साथ ही सात दिन का मेला भी आयोजित किया जायेगा। तिल चतुर्थी के अवसर पर सवा लाख लड्डुओं का विशेष भोग लगाया जायेगा। महोत्सव का प्रारंभ ध्वजा पूजन के साथ होगा। मंदिर में विशेष साज-सज्जा की जायेगी।

## महिला डॉक्टर ने गर्भवती की सीरियस कंडीशन भाप कर खुद ने एम्बुलेंस से उतार कर भर्ती कराया

### जटिल स्थिति होने पर सफल ऑपरेशन भी किया, श्रद्धा की मुश्किल हालात में हुई डिलेवरी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खंडवा जिला चिकित्सालय में 17 नवम्बर को एक सास अपनी गर्भवती बहू श्रद्धा को विपरीत परिस्थिति में एम्बुलेंस से रात में लेकर पहुँची थी। इसी समय स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.लक्ष्मी डुडवे अस्पताल से अपने घर के लिए निकल रही थी। तभी गेट पर एम्बुलेंस में श्रद्धा को आपात स्थिति में देखा। इस दौरान डॉ. डुडवे ने मदद महसूस करते हुए गर्भवती श्रद्धा को एम्बुलेंस से उतारा। सनावद से रेफर होकर आयी श्रद्धा की इस समय ऐसी स्थिति थी कि न तो वो खड़े रह पा रही थी और न ही बैठ पा रही थी। दर्द के कारण कराह रही थी। डॉक्टर ने तुरंत जांच प्रारम्भ की तो पता चला कि श्रद्धा का न तो हीमोग्लोबिन का स्तर और न ही ब्लड की स्थिति ऐसी थी कि तुरंत डिलेवरी कराई जा सकें। क्योंकि अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण उनका हीमोग्लोबिन 10.30 ग्राम के बजाय 7 ग्राम रह गया। साथ ही पेशेंट का प्लेसेंटा प्रिविया बच्चेदानी के मुंह से लिपटा हुआ था। पेशेंट की हिस्ट्री से पता चला था कि उनकी पहली डिलेवरी भी ऑपरेशन से ही हुई थी।

ऐसी गंभीर स्थिति में डॉ. डुडवे ने कॉलेज की ही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा पंवार और निश्चेतना डॉ. भारती तथा डॉ. रचना से सलाह मशवरा कर चारों ने इस क्रिटिकल स्थिति में श्रद्धा का ऑपरेशन कर सफल डिलेवरी करायी। अस्पताल सह महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. पंवार ने बताया कि श्रद्धा का अत्याधिक रक्तस्त्राव होने से कई तरह के कॉम्प्लीकेशन की संभावना बन गई थी। साथ ही बच्चेदानी का पूरी तरह से चिपकना भी नाजुक स्थिति की ओर इशारा कर रही थी। इन सभी हालातों में डॉक्टर्स की टीम ने बड़ी सूझबूझ के साथ ऑपरेशन किया। श्रद्धा के पति अजीत का भी यही कहना था कि हालात बहुत बिगड़ चुके थे, उन्हें स्वयं को भी बचने की उम्मीद नहीं लग रही थी।

लेकिन समय पर डॉक्टर और उनके द्वारा लिये गये निर्णय के साथ ही ब्लड की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं का समय पर उपयोग कर पाने से जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सिविल सर्जन डॉ. अनिरूद्ध कौशल ने डॉक्टरों व अस्पताल की पूरी टीम को इस क्रिटिकल ऑपरेशन को सफल बनाने के लिये बधाई दी।

## विधानसभा क्षेत्र-184 कसरावद एवं 183 महेश्वर ने समयसीमा से पूर्व 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया पूर्ण

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत खरगोन जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने मतदाताओं के गणना पत्रकों को शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर विधानसभा क्षेत्र-184 कसरावद एवं विधानसभा क्षेत्र-183 महेश्वर की निर्वाचन टीम को दी बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि 3 दिसंबर 2025 की प्रातः 10 बजे की स्थिति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र-184 कसरावद ने तथा दोपहर 2 बजे की स्थिति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र-183 महेश्वर ने यह उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है।

कसरावद ईआरओ श्री सत्येन्द्र बैरवा एवं एईआरओ श्री मुकेश मचार के कुशल नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र कसरावद की निर्वाचन टीम द्वारा कड़ी मेहतन कर जिले में शत प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का पूर्ण डिजिटाइजेशन कार्य किया है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कसरावद विधानसभा क्षेत्र में कुल 253 मतदान केन्द्रों में 253 बीएलओ द्वारा 243795 मतदाताओं में से 234426 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया गया है। शेष मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट पाये गए है, जिनका गणना पत्रक असंग्रहित रहा। क्षेत्र में 1340 ऐसे मतदाता है जिनकी मैपिंग वर्ष 2023 की मतदाता सूची से नहीं हो पाई है।

## इंदौर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर लगाया गया प्रतिबंध

### नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने इंदौर जिले की राजस्व सीमा में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है। नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिये गये हैं। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होकर 30 जनवरी 2026 तक प्रभावशील रहेगा तथा उक्त प्रभावशील अवधि में उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। जारी आदेशानुसार इन्दौर जिले के अंतर्गत समस्त उत्सव आयोजन के दौरान लाउड स्पीकर, बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग, विहित प्राधिकारी की अनुमति के बगैर प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि मानकों के प्रावधानों के पालन में सामान्यतः मध्यम आकार के अधिकतम 02 लाउडस्पीकर की अनुमति ही सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त की जा सकेगी।

# विश्व दिव्यांगजन दिवस पर मुस्कुराए चेहरे, 36 दिव्यांगजन हुए सशक्त, 46 सहायक उपकरणों से मिली नई राह

## दिव्यांगजन कानूनी सहायता हेतु 15100 पर तुरंत संपर्क करें-विधिक सेवा सचिव निगवाल



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं सहायता के उद्देश्य से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, मंदसौर में विशेष उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 36 दिव्यांगजनों को कुल 46 सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह केंद्र सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत संचालित होता है, जहां विभाग द्वारा निरंतर दिव्यांग हित में विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान निर्मल ज्योति स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। उनके द्वारा वहां पर हैंडीक्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया।

वितरित उपकरणों के अंतर्गत 15 दिव्यांगजनों को मोटर ट्राई साइकिल, 08 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, 07 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, 02 दिव्यांगजनों को सुगम्या केन, 01दिव्यांगजनों को टीएलएम किट, 01 दिव्यांगजनों को सीपी चेयर, 10 दिव्यांगजनों को बैसाखी, 02 दिव्यांगजनों को छड़ी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर निगवाल ने दिव्यांगजनों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकता हो, तो टोल-फ़्री नंबर 15100 पर तुरंत संपर्क करें। उन्होंने बताया कि इस नंबर पर कानूनी सलाह, सहायता एवं सभी आवश्यक जानकारी निरूशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने आगे कहा कि ÷वर्ष 2016 में लागू दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम एक अत्यंत महत्वपूर्ण कानून है। सभी दिव्यांगजन अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और यदि किसी भी प्रकार का भेदभाव या असमान आचरण हो रहा है तो वे न्यायालय में न्याय प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि दिव्यांगजन जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करते हैं, फिर भी वे हार नहीं मानते और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए निरंतर योजनाएँ और सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले दिव्यांग पुनर्वास केंद्र छोटे भवन में संचालित होता था, लेकिन शासन के विशेष प्रयासों से आज यह केंद्र बड़े एवं सुसज्जित भवन में संचालित है, जिसके लिए विशेष बजट भी स्वीकृत किया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर अदिति गर्ग, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# चंबल सिंचाई पाइपलाइन फटीः भाजपा विधायक-सांसद की चुप्पी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ तहसील के आवरा गांव में चंबल नदी से जुड़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की पाइपलाइन एक बार फिर फट गई। सैकड़ों फीट ऊंची पानी की फव्वारा 4 किलोमीटर दूर से दिखाई दिया, जिससे सैकड़ों बीघा खेत जलमग्न हो गए और तैयार फसलें बर्बाद हो गईं। चंबल नदी से खेतों तक पानी पहुंचाने वाली इस पाइपलाइन के फटने से सैकड़ों फीट ऊंचाई तक पानी की तेज बौछार उठी। यह नजारा करीब 4 किलोमीटर दूर से भी साफ दिखाई दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने इसे भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों और स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों की घोर लापरवाही का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि घटिया सामग्री से बनी यह पाइपलाइन करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की गवाह है। भाजपा के स्थानीय विधायक एवं सांसद, जो हर मंच से विकास का ढिंढोरा पीटते हैं, परियोजना की गुणवत्ता पर एक शब्द तक बोलने को तैयार नहीं। उनकी यह रहस्यमयी चुप्पी ही साबित करती है कि वे इस भ्रष्टाचार में शामिल हैं या कम-से-कम इसके संरक्षक हैं। गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार ने तत्काल किसानों की मांगें पूरी नहीं कीं, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर न्याय की लड़ाई लड़ेंगी। पूरे प्रोजेक्ट की स्वतंत्र तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराई जाए, जिसमें जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी शामिल हो। दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों पर तुरंत एफआईआर दर्ज हो और भ्रष्टाचार की राशि वसूल की जाए। प्रभावित सभी किसानों को फसल क्षति का तुरंत सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। नई पाइपलाइन उच्च गुणवत्ता की लगाई जाए और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने अंत में कहा, किसानों की मेहनत को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा की यह भ्रष्ट व्यवस्था अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली।

# नीमच जिले में चायनीज मांझे के इस्तेमाल पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच जिले की राजस्व सीमा में नायलॉन या सिंथेटिक सामग्री से बने डोर चायनीज (मांझा) के निर्माण, विक्रय, भंडारण, खरीद और उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिले में 14 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले मकर संक्रांति पर्व के दौरान जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार चायनीज डोर, सिंथेटिक सामग्री या मांझा के विनिर्माण, विक्रय, भंडारण, खरीद एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया, कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश जारी होने की तिथि से 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।

उल्लैखनीय है,कि मीडिया व अन्य जनसामान्य द्वारा यह तथ्य ध्यान में लाया गया है, कि पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चायना के धागे के उपयोग से पक्षियों व जनसामान्य को हानि पहुंच रही हैं। कई बार चायना के धागे से पतंग उड़ाते समय पक्षी इसमें उलझ कर, फंस जाते है और घायल हो जाते हैं एवं कई बार तो पक्षियों की मृत्यु तक हो जाती है। इस धागे से पतंगबाजी के दौरान रोड़ पर चलने वाले राहगीर भी कई बार घायल हो जाते है। चायना धागे की मजबूती इन हादसों का कारण है व इस धागे का उपयोग पतंगबाजी में किये जाने से पशु-पक्षियों व जनसामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। निकट भविष्य में मकर संक्रान्ति पर्व आने वाला है तथा इस त्यौहार पर बड़ी संख्या में पतंगबाजी की जाती है।

# मेहुल जैन ने मुख्यमंत्री से मिलकर मंदसौर में फूटबाल ग्राउंड बनाने एवं उज्जैन क्रिकेट एसोसिएशन सचिव को हटाने की मांग की



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर के मेहुल सुनील जैन महाबली ने भोपाल विधानसभा पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की तथा मंदसौर में फूटबाल खिलाड़ियों हेतु ग्राउण्ड बनाने व उज्जैन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव को पद से हटाने की मांग की। इस दौरान सुवासरा विधायक श्री हरदीपसिंह डंग एवं पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली भी उपस्थित रहे।

मेहुल जैन ने मुख्यमंत्री को दिये ज्ञापन में कहा कि मंदसौर में फुटबॉल ग्राउंड की कमी की है। मंदसौर में फुटबॉल के प्रति बहुत उत्साह है, लेकिन उचित सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पाता है। इसलिये मंदसौर में एक आधुनिक फुटबॉल ग्राउंड बनवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। इससे न केवल हमारे जिले के खिलाड़ियों को लाभ होगा, बल्कि जिले की खेल प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। वहीं मेहुल जैन ने उज्जैन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव के खिलाफ शिकायत की करते हुए कहा कि ये पंद्रह-बीस साल से लगातार इस पद पर बने हुए हैं, जो कि बीसीसीआई के नियमों के विरुद्ध है। ये मंदसौर के खिलाड़ियों को ना तो कोई प्लैइंग देते हैं, ना बुलाते हैं और ना ही खिलाते हैं। पहले भी एक नेशनल प्लेयर के साथ इन्होंने ऐसा किया था, जिससे वो डिवीजन छोड़ने पर मजबूर हो गए थे। ये कहीं ना कहीं गलत है और इन्होंने पहले भी ऐसा किया है। अनुरोध है कि कृपया इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करें और उन्हें इस पद से हटाने के लिए कदम उठाएं। उनकी उम्र भी काफी ज्यादा हो गई है, इसलिए किसी युवा को इस पद पर बिठाने से क्रिकेट के विकास में मदद मिलेगी।

# ओवर लोड वाहनों से परेशान ग्रामीणों ने रोका रास्ता



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत कोज्या के ग्रामीणों ने कोज्या के समीप चल रहे सौर ऊर्जा प्लांट में आने वाले ओवर लोड वाहनों से पंचायत के बने रोड को हो रहे नुकसान व उड़ती धूल मिटी से हो रहे स्वास्थ के नुकसान से परेशान हो कर चक्का जाम कर दिया ग्रामीणों का कहना हे की तीन महीने से चले आरहे सौर ऊर्जा प्लांट के प्रबंधन को ग्राम के बाहर से बाई पास बना ने के लिए बार बार कहने पर भी सौर ऊर्जा प्रबंधन द्वारा बाई पास नहीं बना ने से ओवर लोड वाहन ग्राम के बीच स्थित चौराहे से हो कर निकल ते हे जिस मार्ग पर स्कूल व छात्रावास में पढ़ाई कर ने वाले नौनिहालों का आना जाना लगा रहता है जिस से बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है

## विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगों के सामर्थ्य प्रदर्शन के लिए

नीमच (सतीश सैन), विश्व दिव्यांग दिवस पर मंगलवार को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शा.बा.उ.मा.वि.क्र.2 नीमच के परिसर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जि.प.अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान, न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तदपश्चात उप संचालक सामाजिक न्याय श्री पराग जैन, एसडीएम श्री संजीव साहू, सुश्री अभिलाषा शर्मा, डीईओ श्री एस.एम.मांगरिया, सुश्री खुमान कुंवर, श्री सुनील तिवारी आदि ने अतिथियों को तुलसी का पौधा भेटकर स्वागत किया। दिव्यांग सामाजिक सेवा संस्थान के कलाकरों ने संगीतमय मधुर भजनों का गायन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री चौहान, कलेक्टर श्री चंद्रा एवं अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर दिव्यांगजनों के सामर्थ्य प्रदर्शन के लिए खेलकूल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, श्री हेमंत हरित, श्री नीलेश पाटीदार, श्री लोकेश चांगल, दिव्यांग संगठनों के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, रेडक्रास कर्मचारी एवं बडी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

# दो थाने यशोधर्मन और मल्हारगढ़ को मिली सफलता, चुराया ट्रेक्टर 2 घण्टे में खोजा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर पुलिस प्रशासन में दो थाने यशोधर्मन नगर एवं मल्हारगढ़ थाने को सफलता मिली है। दोनों थानों के निरीक्षक एवं उनकी टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर चुराया हुआ ट्रैक्टर को महज दो घंटे में खोज निकाला। पुलिस कप्तान विनोद मीना द्वारा तत्काल नियंत्रण एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देशो के पालन में सीएसपी जितेन्द्र भास्कर एवं एसडीओपी ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में यशोधर्मन नगर थाना निरीक्षक शिवांशु मालवीय व मल्हारगढ़ थाना निरीक्षक मोहन मालवीय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार यशोधर्मन नगर थाना के ग्राम गुजरदा से ट्रेक्टर चोरी होने का इंवेट फरियादी गजराजसिंह पिता विजयसिंह देवडा निवासी गुजरदा के द्वारा डायल 112 पर लिया गया, जो डायल 112 पर ड्युटीरत आर दीपक सुथार के द्वारा तत्काल कंट्रोल रूम मंदसौर को सूचना दी गई। जिस पर से गस्त में लगे अनुभाग अधिकारी एसडीओपी ग्रामीण कीर्ति बघेल तथा थाना प्रभारी मल्हारगढ निरीक्षक मोहन मालवीय के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर रात्री गस्त में लगे अधिकारी कर्मचारियो की टीम बनाकर उन्हे निर्देशित कर रवाना किया। टीम के द्वारा तत्काल नाकाबंदी की गई जो ट्रेक्टर का मूवमेन्ट दलौदा तरफ होने से आरोपियों का पीछा किया गया तथा सवेरा ढाबा के पास हाईवे पर नाकाबंदी कर ट्रेक्टर को रोका गया आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये।

# गुमटी हटाने की कार्रवाई के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता मिथुन वप्ता ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में आदर्श रोड निर्माण के नाम पर जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में सरदार पटेल चौराहा से घंटाघर मार्ग तक गरीब गुमटी एवं ठेला व्यवसायियों को बिना किसी पूर्व सूचना के हटाया गया। इस कार्रवाई ने कई परिवारों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इस विषय को लेकर गुमटी संचालकों के समर्थन में सामाजिक कार्यकर्ता मिथुन वप्ता ने आज एक ज्ञापन सीएमओ को देकर मांग करी हे कि नगर में एक फूड जोन जल्द से जल्द बनाए और सभी गुमटी संचालकों, ठेलो वाले को जगह उपलब्ध कराए।

मिथुन वप्ता ने बताया कि नगर के विकास में अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं हे परंतु अतिक्रमण के नाम पर गरीब गुमटी संचालकों पर इस तरह की बिना सूचना दिए कार्यवाही गलत हे।रोजमर्रा की कमाई पर निर्भर इन छोटे गुमटी व्यवसायीयो पर अचानक की गई कार्रवाई से ये बेरोज़गार हो गए हैं, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो गई हैं। इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद को नगर में उपयुक्त ष्फूड जोनष् की स्थापना करना चाहिए और हटाए गए सभी गरीब गुमटी एवं ठेला संचालकों को उस फूड ज़ोन में वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए। मिथुन वप्ता ने कहा कि, गरीब गुमटी संचालक रोज कमाने-खाने पर निर्भर हैं। बिना सूचना और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के उन्हें हटाना पूरी तरह से अन्याय हे।अतः जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करे और शीघ्र ही फूड ज़ोन स्थापित कर उन्हें स्थायी व्यवसायिक व्यवस्था उपलब्ध कराए।

# धानुका सोया प्लांट पर PCB जांच के बाद संदिग्ध सफाई

## ग्रामीण बोले- फिलहाल पहली बार रुका गंदा पानी



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जमुनियाकला धानुका सोया प्लांट की जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली पर उठे गंभीर सवालों के बाद पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड उज्जैन की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण का असर अब ज़मीन पर स्पष्ट दिखने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई सालों बाद पहली बार फैक्ट्री से निकलने वाला बदबूदार व रासायनिक मिश्रित गंदा पानी फिलहाल तो पूरी तरह बंद हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, PCB टीम के लौटते ही फैक्ट्री प्रबंधन ने आसपास की जमीनों में जमा दूषित पानी और उस तक पहुँचने वाले मार्गों को मिटाने के लिए जेसीबी मशीनें लगवा दीं। आरोप है कि पिछले 7 दिनों में तेजी से सफाई कर उन सभी स्थानों के निशान मिटाने की कोशिश की गई, जहाँ से पहले पानी खेतों और नालों में बह रहा था। इससे यह सवाल और गहरा हो गया है कि क्या जांच शुरू होने से पहले प्लांट में वाकई ZLD प्रणाली प्रभावी रूप से काम कर रही थी?

ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री लगने के बाद से लगातार खेतों में रासायनिक पानी का बहाव होता रहा, जिससे फसलें, मिट्टी और कुएँ तक प्रभावित हुए। लेकिन PCB की जांच टीम आने के बाद अचानक डिस्चार्ज बंद होना स्वयं कई जवाब तलाशता दिख रहा है।

ग्रामीण अब इस मामले पर कड़ी निगरानी और प्रयोगशाला रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मूल समस्या सिर्फ पानी बंद होना नहीं, बल्कि भविष्य में फिर से प्रदूषण फैलने से रोकना है।

PCB से जाँच रिपोर्ट आने के बाद ही प्लांट पर आगे की कार्रवाई तय होगी– ऐसा प्रशासनिक सूत्रों ने संकेत दिया है।

अब एक बड़ा सवाल यह है कि आखिर फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी को कहां छोड़ा जा रहा, सूत्रों का कहना है कि जमुनियाकला स्थित प्लांट से निकलने वाले दूषित पानी को टैंकरों के माध्यम से रातों रात ले जाकर खुद के खरीदे हुए बाउंडरी वॉल वाले खेतों में डाला जा रहा है।

# साहित्यकारों, पत्रकारों एवं स्वर साधकों ने दिवंगत पत्रकार आकाश चौहान को दी स्वरांजलि



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर की सामाजिक, साहित्यिक एवं सुरसाधक समूह के वरिष्ठ पत्रकार श्री घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, कविगण नंदकिशोर राठौर, नरेन्द्र त्रिवेदी, नरेन्द्र भावसार, अजीजुल्लाह खान खालिद, अजय डांगी, श्रीमती चंदा डांगी, श्रीमती चन्द्रकलासिंह, राजेन्द्र तिवारी, पंकज पंवार, आदर्श प्रजापति, आशीष मराठा, तेजकरण, हेमन्त कच्छावा, लालबहादुर श्रीवास्तव, हिमांशु वर्मा, मनीष कनोदिया, श्रीमती स्वाती रिछावरा, ईश्वर डांगी, राहुल राठौर ने वरिष्ठ पत्रकार स्व. आकाश चौहान (आज तक) को स्मरण कर गीतों के माध्यम से स्वरांजलि दी।

इस अवसर पर डॉ. बंटवाल ने कहा कि पत्रकारिता की दुनिया में आकाश चौहान कुशल पत्रकार थे उनकी त्वरित क्लिकिंग पावर जबरदस्त थी । आपने अपने नाम के अनुरूप पत्रकारिता के आकाश को छू लिया। श्री जोशी ने कहा कि आज तक के पत्रकार स्व. आकाश की अंचल की ह्यूमन ट्रेफिकिंग रिपोर्ट का ही असर था कि प्रशासन की कार्यवाही से कई बालिकाओं को अपराधियों के चुंगल से मुक्त कराया गया और वे आज पारिवारिक जीवन जी पा रही है। इस अवसर पर आशीष मराठा ने चिट्ठी न कोई संदेश, कहां तुम चले गये, नन्दकिशोर राठौर ने ओ जाने वाले हो सके तो लौट के आना, आदर्श प्रजापति ने जिंदगी के सफर में गुजर जाते है जो मुकाम, तेजकरण ने सांसों का कर्ज चुकाना है एक दिन, स्वाती रिछावरा ने जिंदगी का सफर है ये कैसा सफर, हिमांशु वर्मा ने ये ही जीवन है, इस जीवन का यही है रूप, लाल बहादुर श्रीवास्तव ने हुई शाम उनका ख्याल आ गया, राहुल राठौर ने मैं पल दो पल का शायर हूॅ व मनीष कनोदिया ने किस्मत का यही फसाना है, कभी हंसना कभी रोना है गीत गाकर वरिष्ठ पत्रकार आकाश चौहान को स्वरांजलि अर्पित की।

## खाद्य विभाग द्वारा मनासा की एक दुकान से दो घरेलु गैस सिलेण्डर जप्त

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नीमच के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मनासा श्री जितेन्द्र नागर द्वारा मेसर्स विजय रेस्टोरेंट रामपुरा नाका मनासा से दो नग घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर जप्त कर, संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# नीमच जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक - खाद की नहीं है कोई कमी



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले के किसानों की सुविधा के लिए रबी 2025-26 में पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिले में रबी 2024-25 में 3 दिसम्बर की स्थिति में कुल 52737 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार की उर्वरक का वितरण किसानों को किया गया था। जबकि रबी 2025-26 में 3 दिसम्बर 2025 की स्थिति में कुल 41 हजार 323 मिट्रीक टन उर्वरक किसानों को विक्रय किया जा चुका है। रबी 25-26 में कुल 59 हजार 500 मीट्रीक टन की उर्वरक की मांग प्रस्तावित है। इसके विरूद्ध 3 दिसम्बर 2025 तक की स्थिति में जिले में कुल 54 हजार 843 मिट्रीक टन उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसमें से 41323 मिट्रीक टन जिले के किसानों को रबी 2025-26 में विक्रय किया जा चुका है। इसमें यूरिया 23224 मिट्रीक टन, डी.ए.पी.4725 मिट्रीक टन, एम.ओ.पी.966 मिट्रीक टन, एन.पी.के.एस.4088 मिट्रीक टन एवं एस.एस.पी.8320 मिट्रीक टन उर्वरक का विक्रय किया जा चुका है।

जिले में 3 दिसम्बर 2025 की स्थिति में कुल 13 हजार 520 मिट्रीक टन उर्वरक उपलब्ध है। इससे यूरिया 5547 मिट्रीक टन, डी.ए.पी. 1499 मिट्रीक टन, एम.ओ.पी.816 मिट्रीक टन, एन.पी.के.एस.1943 मिट्रीक टन एवं एस.एस.पी.3714 मिट्रीक टन उर्वरक वर्तमान में उपलब्ध है। उप संचालक कृषि नीमच से प्राप्त जानकारी के लिए रबी फसलों के लिए जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। साथ ही आगामी दिनों में नीमच में यूरिया और डी.ए.पी.की एक-एक रैंक जल्दी ही लगने वाली है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। जिले में खाद की कोई कमी नहीं है।

# सम्पादकीय

## वॉटर, वॉर और वीरताः नौसेना दिवस की कहानी

जब समुद्र की लहरें तेज़ी से उठती हैं और युद्धपोतों की गड़गड़ाहट आसमान तक गूँजती है, तब पूरा भारत गर्व से भर उठता है–यही है नौसेना दिवस की सच्ची शक्ति। 4 दिसंबर का यह खास दिन वह पल है जब देश अपने समुद्री वीरों को दिल से सलाम करता है। यह कोई साधारण तारीख नहीं, बल्कि 1971 के भारत-पाक युद्ध की वह यादगार रात है जब भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर ऐसा वार किया कि दुश्मन संभल ही नहीं पाया। ऑपरेशन ट्राइडेंट, जिसका नाम सुनते ही रोमांच दौड़ जाए। पहली बार किसी एशियाई देश ने एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया, चार पाकिस्तानी जहाज़ डूब गए, कराची का बंदरगाह जल उठा और उनकी नौसेना बिखरकर रह गई। यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि समुद्री युद्ध के इतिहास में लिखा गया एक चमकता हुआ अध्याय था। तभी से 4 दिसंबर भारतीय नौसेना दिवस के रूप में पूरे देश में गर्व के साथ मनाया जाता है।

लेकिन यह दिन सिर्फ इतिहास की वीरगाथा नहीं सुनाता, यह वर्तमान की ताकत और भविष्य की तैयारी का भी प्रमाण है। भारतीय नौसेना आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे सक्षम नौसेनाओं में शुमार है। 67000 से ज्यादा जांबाज़ सैनिक, 150 से अधिक युद्धपोत, 250 से भी अधिक विमान और पनडुब्बियाँ–ये सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हिंद महासागर में भारत की संप्रभुता का दस्तावेज़ है। आईएनएस विक्रांत ङ्ग देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत ङ्ग जब समुद्र में उतरा, तब पूरी दुनिया ने देखा कि भारत अब सिर्फ खरीदार नहीं, बल्कि खुद अपनी शक्ति गढ़ने वाला राष्ट्र है। वहीं आईएनएस अरिहंत ने जब परमाणु त्रिशूल पूरा किया, तो बड़े-बड़े देश भी भारत की क्षमता के आगे गंभीर हो गए। बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस यह पनडुब्बी दुश्मन के लिए साफ संदेश है–भारत की ओर आँख उठाई, तो कीमत भी चुकानी पड़ेगी और जवाब भी ऐसा मिलेगा कि याद रखना मुश्किल हो जाएगा।

हिंद महासागर में भारतीय नौसेना आज सिर्फ रक्षक नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का संतुलन संभालने वाली शक्ति है। मालदीव संकट में जब ऑपरेशन कैक्टस चला, श्रीलंका में आईपीकेएफ के दौरान जब नौसेना ने मानवीय मदद पहुँचाई, सुनामी की तबाही में जब हजारों जानें बचाई, और हाल ही में ऑपरेशन राहत व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों को सुरक्षित घर लाया गया–हर बार नौसेना ने साबित किया कि उसकी ज़िम्मेदारी केवल समुद्र की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उसकी पहुँच वहाँ तक है, जहाँ तक भारत का एक भी नागरिक मौजूद है–चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो।

आज जब चीन अपनी 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति से हिंद महासागर में घेरा कसने की कोशिश कर रहा है, भारतीय नौसेना बिल्कुल शांत बैठने वाली नहीं है। क्वाड का मजबूत सदस्य बनकर, मालाबार अभ्यास में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कदम मिलाकर, फ्रांस के साथ वरुण अभ्यास में अपनी क्षमता दिखाकर, और रूस के साथ इंद्रा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेकर भारत ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है–हिंद महासागर में दबाव, धमकी या दादागिरी नहीं चलेगी। आईएनएस विक्रमादित्य, आईएनएस चक्र, ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट्स और पी-8आई पोसाइडन विमान सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और समुद्री शक्ति के चमकते प्रतीक हैं।

लेकिन नौसेना की सच्ची शक्ति उसके लोहे के जहाज़ों में नहीं, बल्कि उन सफेद वर्दी वाले वीरों में बसती है। वे ही हैं जो महीनों अपने परिवार से दूर रहते हैं; जब तूफ़ान जहाज़ को झकझोरता है, नीचे अथाह समुद्र और ऊपर दुश्मन की नज़र होती है–फिर भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वे समुद्र की गोद में रातें काटते हैं, ताकि करोड़ों भारतीय चैन से सो सकें। उनकी आँखों में गहराई है, दिल में देशभक्ति की गर्मी और हाथों में अजेय साहस। और उनके पीछे खड़ी होती हैं वे माएँ जो बेटे के जहाज़ पर चढ़ते ही आशीर्वाद देती हैं, वे पत्नियाँ जो हर तूफ़ान में प्रार्थना करती हैं, वे बच्चे जो दिन गिनते रहते हैं–यही मौन शक्ति नौसेना को अपराजेय बनाती है।

हर साल नौसेना दिवस पर जब गेटवे ऑफ इंडिया के सामने जहाज़ सलामी देते हैं, जब मिग-29के आसमान को चीरते हुए दहाड़ते हैं, जब काले परिधान में मार्कोस कमांडो अपने रोमांचक करतब दिखाते हैं–तब हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। पर यह गर्व सिर्फ उस पल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि यह नीली सीमा हमें यूँ ही नहीं मिली; इसे वीरों ने अपने जीवन से सुरक्षित किया है। कैप्टन महेंद्र नाथ मुल्ला, जिन्होंने आईएनएस खुकरी के डूबते समय जहाज़ के साथ समुद्र में समा जाना चुना, सिखाते हैं कि वर्दी से ऊपर कुछ भी नहीं। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिश सिंह मुंशी ने दुश्मन की पनडुब्बी को ध्वस्त कर दुनिया को दिखा दिया कि भारतीय वीरों की नसों में डर नहीं–दृढ़ता बहती है।

4 दिसंबर वह दिन है जब राष्ट्र अपने समुद्री क्षितिज को देख कर खुद से एक वादा करता है कि भारतीय नौसेना को हम और भी अजेय, और भी अतुल्य बनाएँगे। यह केवल जश्न मनाने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का पल है। हम स्वदेशी जहाज़ों और हथियारों की शक्ति से वह आधार रचेंगे, जिस पर एक दिन दुनिया की सबसे मजबूत नौसेना का ध्वज गर्व से लहराएगा।

## परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश के अधिकारी बनें सहजयोग से



हम अपने जीवन में प्रमुख रूप से तीन तरह के मनुष्यों को देखते हैं। पहले वे जो हमेशा दूसरों की शिकायत ही करते रहते हैं वे अहंकार से ग्रसित होते हैं और दूसरों को दबाने का प्रयास करते हैं। दूसरे प्रकार के लोग मानो हमेशा दुखी रहने के लिए ही जीवित रहते हैं, कोई भी चीज उन्हें खुश नहीं कर सकती है। तीसरे वे लोग होते हैं जो अनुकूल या प्रतिकूल हर स्थिति में प्रसन्न रहते हैं, जो कुछ भी उन्हें उपलब्ध होता है, उसी में संतुष्ट रहते हैं।

इस संसार को इन तीनों परिस्थितियों ने ही ढक रखा है और लोग उन्हीं परिस्थितियों के चश्मे से संसार और संसार के रचयिता को देखा भी करते हैं। तीसरी तरह के जो लोग हैं वे सहज योगियों जैसे हैं, हर हाल में खुश।

वास्तव में यह संसार निराकार परमात्मा का ही साकार रूप है। यह दुनिया अदृश्य सत्ता की काया और अबोल का बोल है। जैसे नदी को पार करने के लिए जल में उतरना पड़ता है वैसे ही सांसारिक परिस्थितियों की सरिता को पार करने के लिए उसमें उतरना पड़ता है और पार उतरने की युक्ति जानने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता है। गुरु से ही परिस्थितियों की ओट में छिपी वास्तविकता का बोध होता है। साकार समस्याओं के मूल में अवस्थित अरूप परमात्मा का साक्षात्कार होता है। जो मनुष्य गुरु कृपा से प्राप्त युक्ति का इस्तेमाल करता है, वह इस किनारे से उस किनारे तक की यात्रा को सुरक्षित रूप से पार करने में सफल होता है। भवसागर को पार करने का आनंद तैराक योगी को ही मिलता है। नाव में बैठे सामान्य मनुष्य भी श्रद्धा और भक्ति मार्ग का सहारा ले सांसारिक समस्याओं के भोगते हुए भी उसे पार करने में सफल हो जाते हैं।

पर, जीवन का आनंद कहीं गुम हो जाता है। यदि ऐसा हुआ तो जीवन का उद्देश्य ही अधूरा रह जायेगा। हमारे जीने का अर्थ ही नहीं रह जायेगा। सहज योग माध्यम से आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर हम जीने का अर्थ पाते हैं। भक्ति और उपासना से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपने को पाना। जीवन तभी सफल है ना जब हम अपने परमपिता परमेश्वर से जुडते हैं।

29 अक्टूबर 2000 के अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने हमें समझाने का प्रयास किया है।

# पुतिन की भारत यात्राः नयी विश्व राजनीति की आहट

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है।

भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रुवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दर्शाता है।

पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रूवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निर्माता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दर्शाता है।

भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है।

भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दर्शाते हैं। पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रूवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है। पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया। इस मुलाकात से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी। पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरुआत है-जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था के निर्माता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है, जिसमें पुराने भरोसे से जन्म ले रहा है एक नया भविष्य।

**-ललित गर्ग**

## राजस्व सुरक्षा की कोशिश या राज्यों की चिंता बढ़ाने वाला कदम?

केंद्र सरकार ने इस सप्ताह संसद में दो विधेयक पेश किए। इनसे उसे चुनिंदा अहितकर वस्तुओं पर कर लगाने का अधिकार मिलेगा। एक तरह से देखा जाए तो यह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को दुरुस्त करने के बाद तार्किक कदम है। सितंबर में जीएसटी परिषद ने निर्णय लिया था कि वह मोटे तौर पर 5 और 18 फीसदी की दो दरों की व्यवस्था अपनाएगी। इसके अलावा चुनिंदा अहितकर और विलासिता वाली वस्तुओं को 40 फीसदी कर के दायरे में रखा गया था।

इस बदलाव के बाद अधिकांश वस्तुओं पर क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त कर दिया गया। अहितकर वस्तुओं पर इसे बनाए रखा गया ताकि महामारी के दौरान राज्यों को राजस्व की कमी की भरपाई के वास्ते लिए गए ऋण का बाकी हिस्सा चुकाया जा सके। जैसे-जैसे यह ऋण पूरी तरह चुका दिया जाएगा, नए विधेयक यह सुनिश्चित करेंगे कि अहितकर वस्तुओं पर कर में कमी न आए।

केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 के उद्देश्यों और कारणों के विवरण में यह स्पष्ट किया गया है कि तंबाकू और तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी एवं क्षतिपूर्ति उपकर लगाए जाने के साथ ही केंद्रीय उत्पाद शुल्क दरों में उल्लेखनीय कमी की गई थी।

अब क्षतिपूर्ति की भरपाई के लिए ऋण पूरी तरह चुकता होने के बाद उपकर समाप्त हो रहा है, इसलिए सरकार उत्पाद शुल्क बढ़ा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 सरकार को चुनिंदा वस्तुएं बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनों पर मासिक उपकर लगाने का अधिकार देगा। ऐसी वस्तुओं में पान मसाला या अन्य ऐसी वस्तुएं शामिल हैं जिन्हें बाद में अधिसूचित किया जा सकता है।

इन उपकरों से इकट्ठा धनराशि का इस्तेमाल जन स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के कामों में किया जाना है। चूंकि यह उपकर होगा इसलिए केंद्र सरकार को इसे राज्यों के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। खास तौर पर जीएसटी को सहज बनाए जाने का अधिकतर अंशधारकों ने स्वागत किया था। उसी सुधारवादी भावना के तहत सरकार चाहती तो आसानी से उपयुक्त लगने वाली वस्तुओं पर जीएसटी दर के ऊपर सिन टैक्स (अहितकर वस्तुओं पर) लगा सकती थी।

ऐसा करने से कर ढांचा साधारण बना रहता और संग्रह को अन्य केंद्रीय करों की तरह राज्यों के साथ साझा किया जा सकता है। उपकर लगाने से बचना चाहिए। राज्य सरकारों की यह चिंता वाजिब है कि उपकर संग्रह पर अधिक निर्भरता कर राजस्व के प्रवाह को बाधित करती है क्योंकि उपकर बांटे जाने वाले पूल का हिस्सा नहीं होता है।

**-धनंजय राजौरा**

## 'स्वाधीनता के संघर्ष, स्वाभिमान से उपजी भारत की एकता और अखंडता राष्ट्र सर्वोपरि

भारत की स्वतंत्रता अनगिनत बलिदानों, त्याग, तप और संघर्ष की अमूल्य विरासत है। लगभग आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद, जब विदेशी शासन की दासता से मुक्त होने के लिए लाखों भारतीयों ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब जाकर हमें स्वतंत्रता का वह अमृत प्राप्त हुआ जिसे हम आज खुले आकाश के नीचे निरंतर सांस लेते हुए अनुभव करते हैं। यह स्वतंत्रता केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के स्वाभिमान, साहस और एकता की अनुपम साधना का परिणाम है। इसलिए यह हमारा पवित्र दायित्व है कि हम इस स्वतंत्रता को, इस अखंडता को और इस राष्ट्रीय आत्मा को अनंतकाल तक अक्षुण्ण बनाए रखें। राष्ट्र की एकता केवल संविधान के पन्नों या शासन की व्यवस्था से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि नागरिकों की चेतना, परस्पर सम्मान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की अंतर्मन की प्रतिज्ञा से निर्मित होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता का स्वरूप और अधिक मजबूत हुआ, परंतु आज दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक मंसूबों, स्वार्थपूर्ण उद्देश्यों और विचारधारात्मक विभाजन ने समाज में संप्रदाय, भाषा, जाति और क्षेत्र के नाम पर दरारें पैदा करने का प्रयास किया है। मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारा-चर्च, हिंदी-अंग्रेजी-उर्दू-पंजाबी-तेलुगु-असमी जैसे विवाद हमारे हृदय में ऐसे ही घाव हैं जो राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। वस्तुतः राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के लिए हमें सांप्रदायिक विद्वेष, ईर्ष्या, भाषाई और सीमाई विवादों से ऊपर उठकर सामाजिक सौहार्द, मानवीय गरिमा और राष्ट्र की समग्रता को प्राथमिकता देनी होगी, तभी हम विकास की मुख्यधारा में सार्थक योगदान दे पाएंगे। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ÷भारत विश्व का एकमात्र राष्ट्र है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर और गुरुद्वारों का सहअस्तित्व सर्वधर्मसमभाव के अद्वितीय स्वरूप में विद्यमान है।÷ यह कथन भारत के आध्यात्मिक और सामाजिक चरित्र का आदर्श प्रतिबिंब है। परंतु वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति, सद्भावना और किसी भी राष्ट्र की अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। कभी अमेरिका, तो कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक राज्यों में आतंकवाद ने अपनी विभीषिका से भारी जनहानि और संपत्ति विनाश का अंधकार फैलाया है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्र की परंपरागत एकता और अखंडता को विखंडित करने का निरंतर प्रयास किया है। कुछ राजनीतिक शक्तियों ने वोट बैंक की राजनीति में उलझकर अलगाववाद और साम्प्रदायिकता का बीजारोपण किया है–कभी अल्पसंख्यकों के नाम पर विभाजन, कभी जाति और आरक्षण के नाम पर भ्रम और विद्वेष की स्थापना कर समाज को बांटने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास किया है। यह राजनीति का सबसे निंदनीय और चिंतनीय स्वरूप है, जिस पर राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। वास्तविकता यह है कि सामान्य सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और अन्य सभी वर्ग अत्यंत सौहार्द, सद्भावना और भाईचारे में विश्वास रखते हैं। परंतु स्वार्थी तत्व इन संबंधों को तोड़कर समाज को संघर्ष और अविश्वास की आग में धकेल देते हैं।

राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने की जिम्मेदारी मात्र राजनेताओं या प्रशासन पर नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक पर समान रूप से है। हमें यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि राष्ट्र सर्वोपरि है–धर्म, जाति, भाषा, प्रदेश या दल से बढ़कर। यदि हम इतिहास के पन्नों को देखें तो अनेक आक्रमणों, विदेशी शासन और सांस्कृतिक संघर्षों के पश्चात भी भारत की मूल अस्मिता बार-बार सशक्त होकर उभरी है। यहाँ अनेकों जातियाँ और समुदाय आए, उन्होंने अपनी परंपराएँ, भाषाएँ और संस्कृति साथ लाई, पर समय के साथ वे भारत की मुख्य धारा में समाहित होकर इसी मिट्टी का अभिन्न अंग बन गये। यही भारत की सांस्कृतिक एकरूपता का वैश्विक चमत्कार है, जिसकी शक्ति आज भी अक्षुण्ण है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने कर्म, विचार और संकल्प से भारत की अखंडता, स्वतंत्रता और गौरव को विश्व पटल पर और अधिक सुदृढ़ स्थापित करें। राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि तभी संभव है जब संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकार, कलाकार, युवा शक्ति और प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक अपने दायित्व को समझते हुए देश को सर्वोपरि रखें और विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े हों।

इतिहास गवाह है कि जब भी भारत एकता के सूत्र में बंधा, वह विश्व में शक्ति बनकर उभरा; और जब भी विभाजित हुआ, वह कमजोर और असहाय सिद्ध हुआ। अतः यह हमारा पुनीत कर्तव्य है कि हम अपने राष्ट्र की अस्मिता को किसी भी मूल्य पर खंडित न होने दें। हम सबको आज उसी भावना से उठना होगा, जिससे- भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, वह हमारी आत्मा है, हमारी संस्कृति है, हमारा गौरव है। आइए आज संकल्प लें–हम एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक पहचान और एक संकल्प के साथ भारत की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता को अनंत काल तक बनाए रखेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि–हम सबका प्रथम धर्म।

**-संजीव ठाकुर**

## भारत का स्ट्राइक मोडः ब्रह्मोस ने जो कहा, दुनिया ने सुन लिया

बंगाल की खाड़ी की उस सुबह में एक अनोखी खामोशी पसरी थी, मानो प्रकृति किसी अदृश्य दैत्य-शक्ति के उद्भव से पहले ठहर गई हो। और फिर अचानक एक दहकती गर्जना ने आसमान को वैसे चीर डाला, मानो किसी अदृश्य महाशक्ति ने अपने अटल संकल्प को सीधे नभ की देह पर तराश दिया हो। यह कोई सामान्य मिसाइल परीक्षण नहीं था; यह भारत का 21वीं सदी की सामरिक राजनीति में अडिग, निर्भीक ऐलान था भारत अब परिस्थितियों का शिकार नहीं, बल्कि परिस्थितियों की दिशा तय करने वाली शक्ति है।

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल का यह कॉम्बैट लॉन्च केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की सामरिक चेतना का सजीव, जलता हुआ प्रमाण था। इसने शत्रुओं को साफ चेताया कि भारत की सीमा-सुरक्षा को चुनौती देना अब किसी भी कीमत पर सुरक्षित दांव नहीं। साथ ही, इसने मित्र राष्ट्रों को आश्वस्त किया कि हिंद महासागर का सामरिक संतुलन अब निर्णायक रूप से भारत की दृढ़ पकड़ में सुरक्षित है। यह लॉन्च केवल शक्ति का इज़हार नहीं, शक्ति की भाषा को नए सिरे से लिख देने वाला क्षण था।

1 दिसंबर 2025 को भारतीय सेना की साउदर्न कमांड की ब्रह्मोस यूनिट ने एंडमान और निकोबार कमांड के सहयोग से जो परीक्षण किया, वह मात्र तकनीकी सफलता नहीं था यह रणनीतिक दूरदर्शिता, मनोवैज्ञानिक बढ़त और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता का एक ऐसा संगम था जिसे अनदेखा करना किसी भी राष्ट्र के लिए असंभव है। ब्रह्मोस ने 2.8 मैक की दहकती रफ्तार से आकाश को चीरते हुए 290 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को इतनी नपे-तुले प्रहार-निपुणता से खत्म किया कि मानो लक्ष्य अस्तित्व में था ही नहीं। इसी एक पल ने दुनिया को साफ़ कर दिया कि भारत की स्ट्राइक क्षमता अब केवल सक्षम नहीं बहुआयामी, परिपक्व, आक्रामक और हर क्षण युद्ध-सिद्ध है।

जो कभी रूस के साथ 49-51 का संयुक्त प्रयास था, उसी मिसाइल का आज 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा मुख्य सेंसर, सीकर, बूस्टर और कई महत्वपूर्ण सब-सिस्टम पूरी तरह भारतीय हाथों की देन है, और स्वदेशी घटकों का हिस्सा तेज़ी से 85 प्रतिशत के स्तर की ओर बढ़ रहा है। यह मिसाइल सिर्फ़ तकनीक का ढांचा नहीं; यह 'आत्मनिर्भर भारत' की वह प्रगति है जो ज़मीन की सीमाओं से आगे बढ़कर सागरों, आकाश और आने वाले अंतरिक्षीय आयामों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है। ब्रह्मोस का यह तीव्र भारतीयकरण महज़ एक उपलब्धि नहीं यह भारत के उभरते रक्षा-उद्योग की परिपक्वता का ठोस, अविचलित और वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य प्रमाण है। इस परीक्षण का सबसे प्रबल संदेश उसकी टाइमिंग में छिपा था। जब चीन दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक अपनी नौसैनिक सरगर्मियाँ तेज़ कर शक्ति-प्रदर्शन में जुटा है, जब पाकिस्तान सीमित हथियारों के सहारे क्षेत्रीय अस्थिरता को हवा देने की कोशिश में लगा है ठीक उसी दौर में भारत का यह परीक्षण साफ घोषणा बनकर उभरा कि हिंद महासागर अब भारत की सामरिक सीमारेखा है, और इस क्षेत्र की स्थिरता पर अंतिम शब्द भारत का ही होगा। ब्रह्मोस का यह प्रहार किसी एक लक्ष्य का विनाश नहीं था; यह उस भ्रम का विध्वंस था जो भारत की शांति-प्रियता को भूलवश कमजोरी समझने की भूल करता रहा है।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ की टिप्पणी बिल्कुल सटीक थी यह मात्र तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती शक्ति, आत्मनिर्भरता और निर्णायक तैयारी का ठोस प्रमाण है। ब्रह्मोस की वास्तविक ताकत उसकी गति से कहीं आगे है; उसकी असली शक्ति उस भय में है जो वह दुश्मन की योजना में पैदा करती है। कम ऊंचाई पर तीव्र गति से उड़ान भरने वाली यह मिसाइल न तो आसानी से रडार में आती है और न ही रोकी जा सकती है, इसकी गति से बचने का मतलब पहले से हार स्वीकार करना है। जब ऐसी घातक क्षमता वाली मिसाइल इस गति से मेक-इन-इंडिया रूप ले रही हो, तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव दोगुना नहीं, कई गुना बढ़ जाता है।

एंडमान और निकोबार आज केवल एक द्वीप-समूह नहीं, भारत की सामरिक ढाल का वह धारदार किनारा बन चुका है जिसे दुनिया अब एयरक्राफ्ट कैरियर किलर ज़ोन के रूप में पहचानने लगी है। यहां से तैनात बढ़ी हुई रेंज वाली ब्रह्मोस (600+ किमी) मलक्का स्ट्रेट तक हर हलचल को अपनी निगरानी और नियंत्रण की सीमा में समेट लेती है यानी हिंद-प्रशांत की धड़कन अब भारत की मुट्ठी में धड़कती है।

**-प्रो. आरके जैन**

## हथियारों की बढ़ती बिक्री और मानवता पर खतरा

दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है , बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदते हैं, ताकि वे अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकें, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सकें और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सकें, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है,जो कि ठीक नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हथियारों पर होने वाला भारी खर्च शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पानी, जलवायु संरक्षण और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों से धन को खींच लेता है, और इसका असर कहीं न कहीं देश के विकास और अर्थव्यवस्था व इसके निवासियों पर भी पड़ता है। क्या यह बड़ी बात नहीं है कि आज के समय में दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली व संपन्न देश इसका इस्तेमाल अपने आर्थिक लाभ, वैश्विक प्रभाव दिखाने और उद्योगों में बढ़त के लिए करते हैं, जबकि छोटे देश किसी दबाव में आकर या सुरक्षा के डर से हथियारों की इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं।इसका नतीजा यह है कि दुनिया एक ऐसी दिशा में बढ़ रही है जहां भरोसा कम और अविश्वास ज्यादा है। वास्तव में, यह बात ठीक है कि हथियार किसी देश को सुरक्षा दे सकते हैं, लेकिन स्थायी शांति नहीं। असली सुरक्षा संवाद, विश्वास, सहयोग और संतुलित विकास से मिलती है न कि विनाशकारी हथियारों की बढ़ती संख्या से। वास्तव में, यह इसलिए दुनिया का खतरनाक कदम है, क्योंकि यह मानवता को सुरक्षा नहीं, बल्कि असुरक्षा की ओर धकेल रहा है।हथियारों की होड़ अंततः दुनिया में असंतुलन पैदा करती है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है।सरल शब्दों में कहें तो दुनिया भर में हथियारों की खरीद-फरोख्त लगातार बढ़ रही है, और यह कोई अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट बताती है कि कई देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है।कहीं सीमा विवाद है, कहीं शक्ति दिखाने की होड़, तो कहीं सुरक्षा का डर। पाठक जानते होंगे कि दुनिया में इस समय कई देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। एशिया में भारत-चीन के बीच एवं एसी पर लंबे समय से सीमा विवाद बना हुआ है, जो समय-समय पर सैनिक तैनाती और गश्त के कारण फिर उभर जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद को लेकर रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहते हैं और कूटनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव चलता रहता है। चीन-ताइवान के बीच स्थिति सबसे संवेदनशील है, जहाँ चीन ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए सैन्य अभ्यास और शक्ति-प्रदर्शन कर रहा है, जबकि ताइवान अपनी रक्षा क्षमता बढ़ा रहा है। ईरान-इज़राइल के बीच हमलों और जवाबी हमलों के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ी हुई है। वहीं आर्मेनिया-अज़रबैजान के बीच नगार्नो-काराबाख को लेकर पुराना सीमा विवाद अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुआ। मध्य एशिया में भी अफगानिस्तान की सीमा को लेकर ताजिकिस्तान और रूस मिलकर सुरक्षा मजबूत करने की बात कर रहे हैं।

**-सुनील कुमार महला**

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर समग्र शिक्षा अभियान की समावेशित शिक्षा के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 देवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवास जिले के दिव्यांग बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, खेलकूद (गोला फेक, निम्बू रेस, कुर्सी दौड़), नृत्य, गायन, चुटकुले, भाषण, कविता आदि गतिविधियां की गई।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा के समक्ष श्रवण बाधित एवं दृष्टिबाधित बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुती दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा ने बच्चों को कठिन परिश्रम करने के लिए शिक्षको को प्रेरित किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। खेलकूद प्रतियोगिता शुंभारंभ रंगीन गुब्बारे उड़ाकर किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक श्री अजय कुमार मिश्र, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती संगीता यादव, सहायक परियोजना समन्वयक (आईईडी) श्रीमती रेनू गुप्ता उपस्थित सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीआरसी देवास श्री किशोर वर्मा ने किया गया। आभार प्रधानाध्यापक माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 देवास श्री सुरेश कुमार ठाकुर ने माना।

## गणित एवं विज्ञान विषय के ओलम्पियाड का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। ओलम्पियाड परीक्षा में कोई भी विद्यार्थी दोनों ही परीक्षा में भाग ले सकता है। इस परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल द्वारा अलग से भेजी जा रही है। विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर 2025 के पूर्व घोषित कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी संभाग स्तरीय ओलम्पियाड 21 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को भाग ले सकेंगे।

## देवास जिले में हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना-2022 के तहत 29 प्रकरणों में राशि स्वीकृत

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क दुर्घटना में हिट एण्ड रन प्रकरणों में प्रतिकर (मुआवजा) के लिए हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना-2022 लागू की गयी है। देवास जिले में हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 के तहत अभी तक 29 प्रकरणों में पीडित दावेदार/विधिक प्रतिनिधि को धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में स?वीकृत किये गये है। इनमें 18 प्रकरण सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों एवं 11 प्रकरण दुर्घटना में मृत जनों के स्वीकृत किए गए हैं। योजना के तहत घायलों को 50 हजार रूपए तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 2 लाख रूपए की राशि प्रदान की जाती है।

## अवैध गतिविधि में लगे तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को छापामार करते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। एक दिन पहले रहवासियों ने पुलिस को आवेदन सौंपकर अवैध गतिविधियां संचालित करने, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री होने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में व एएसपी घनश्याम मालवीय, एसडीओपी गोपालसिंह चौहान के निर्देशन में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी कोतवाली निरी. संतोष वाघेला एवं थाना प्रभारी लालघाटी निरी. अर्जुन सिंह मुजाल्दे के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की और मंगलवार रात को छापामारी/धरपकड करते हुये आरोपियों को गिरफतार करते हुये आरोपी कमल पिता कैलाशचन्द्र परमार निवासी ज्योतिनगर, साकिर खां पिता कदीर खां निवासी शिवनगर जाटव मोहल्ला सारंगपुर हाल मुकाम महूपुरा के विरूद्ध धारा 4-क सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। वहीं एक आरोपी शकील पिता शेख समद निवासी कमरदीपुरा शाजापुर के विरुद्ध धारा 126, 135 (3), 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई में कोतवाली टीआई संतोष वाघेला, लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन मुजाल्दे एवं पुलिस लाईन शाजापुर के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा सराहनीय योगदान रहा।

## अनियंत्रित डंपर ने पहले बाईक फिर ट्रेक्टर-ट्राली को मारी टक्कर

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुमारिया पाल के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने पहले एक बाइक और एक ट्रेक्टर-ट्राली को टक्कर मारी। इस हादसे में बाईक सवार तीन युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। लोगों ने डंपर चालक को पुलिस के हवाले किया है। घटना बुधवार दोपहर करीब 3 बजे की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे स्थित खंती में जा गिरी। वहीं डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास ने बताया कि दुर्घटना में घायल तीनों युवक सीधे जिला अस्पताल पहुंचे हैं, जहां उनका उपचार जारी है। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी को बुलवाकर खती में पड़ी ट्रैक्टर ट्राली को बाहर निकाला। वहीं घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने डंपर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

## शिक्षित बेरोजगार युवा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर स्वयं का उद्योग स्थापित करें

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद ने बताया कि देवास जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत जिले के सामान्य वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के ऑनलाइन आवेदन शासन के पोर्टल samast.mponline.gov.in के माध्यम से प्राप्त किये जा रहे है। विनिर्माण/सेवा/खुदरा व्यवसाय क्षेत्र का उद्यम स्थापित करने के लिये देवास जिले के इच्छुक 18 से 45 वर्ष के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियॉ जो आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, 8वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो), समग्र आयडी, पेनकार्ड, मूल निवासी प्रमाण पत्र, बैंक खाता पासबुक, आयकरदाता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि के साथ उद्योग/सेवा/व्यवसाय की प्रोजेक्ट रिर्पोट के साथ samast.mponline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवश्यक अर्हताए- योजना का लाभ लेने के लिए आवदेक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये। आवेदन दिनांक को आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो। इस योजना अंतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त ऋण पर परियोजना प्रांरभ होने के उपरांत 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्षो तक ब्याज अनुदान तथा प्रचलित दर पर CGTMSE शुल्क अधिकतम 7 वर्षो तक देय होगा। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र मे 50 हजार रूपये से 50 लाख रूपये तक एवं सेवा क्षेत्र/खुदरा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से 25 लाख रूपये तक का ऋण बैंक के माध्यम से परियोजना प्रांरभ करने हेतु उपलब्ध होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, वृद्धाश्रम के पास राजोदा रोड देवास में कार्यालयीन समय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## आवारा मवेशी एवं श्वान नियंत्रण हेतु निगम में कार्यशाला आयोजित



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन द्वारा प्राप्त पत्र को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार बुधवार 3 दिसंबर को समय प्रातः 11 बजे नगर निगम सभा कक्ष में शहरी सीमा क्षेत्र में स्थित शासकीय, निजी शिक्षण संस्थान, हॉस्पिटल, खेल स्टेडियम, कॉम्प्लेक्स, बस डिपो आदि संस्थान प्रमुखों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान उन्हें शासन से प्राप्त निर्देशों की जानकारी देते हुए निगम उपायुक्त आरती खेडेकर ने बताया कि सभी संस्थान यह सुनिश्चित करेंगे कि फेंसिंग, बाउंड्री वॉल और गेट की उचित व्यवस्था हो ताकि आवारा श्वान परिसर में प्रवेश न कर सकें।

सभी संस्थानों का प्रबंधन अपने संस्थान के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा जो संस्थान के रख-रखाव एवं सफाई के लिए उत्तरदायी होगा।

# देवास जिले में एसआईआर के तहत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य 98.46 प्रतिशत पूर्ण

### जिले में 1095 मतदान केन्द्रों का शतप्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं।

जिले में अबतक 98.46 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ में 99.59 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास में 96.36 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हाटपीपल्या में 99.81 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र खातेगांव में 99.46 प्रतिशत और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बागली में 97.73 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। जिले में अब तक 1095 मतदान केन्द्रों का शतप्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। एसआईआर कार्य के तहत जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किये गये है। जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जानकारी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए डिस्ट्रीक कान्टेक्ट सेंटर(1950) में पाली अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर त्वरिक निराकरण किया जा रहा है। जिले में एसआईआर कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है।

## कलेक्टर ने दिए 6 कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश

### निर्माण कार्यों में सामने आई लापरवाही, कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋजु बाफना ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में 6 कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों को 26 जनवरी 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। इन भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और बाला गतिविधियों सहित अन्य आवश्यक कार्य भी समय पर पूर्ण करने को कहा गया। एक बगिया मां के नाम परियोजना की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने असंतोष जताया। उन्होंने संबंधित सहायक यंत्री और उपयंत्री को एक सप्ताह में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। कम प्रगति वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत सीईओ का 5-5 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। क्लस्टर स्तर पर साप्ताहिक बैठकें आयोजित कर प्रगति की समीक्षा करने को भी कहा गया।

## देवास जिले के बिजली उपभोक्ता समाधान योजना का लाभ लें

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास अधीक्षण यंत्री देवास मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी केतन रायपुरिया ने बताया कि समाधान योजना में तीन माह से अधिक बिजली बकायादार शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं, पात्रतानुसार एक मुश्त बकाया बिल जमा करने पर पूरा सरचार्ज माफ होगा, किश्तों में बकाया राशि जमा करने पर सरचार्ज 90 प्रतिशत तक माफ कराया जा सकेगा। अधीक्षण यंत्री ने अधिकाधिक उपभोक्ताओं से समाधान योजना का लाभ लेने का आह्वान किया है।

समाधान योजना 2025-26 –एक नजर में- समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा।

यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर हेतु www.mpwz.co.in पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय ऐप पर भी पंजीयन की सुविधा शीघ्र ही मिलने लगेगी। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत विवरण तीनों कंपनियों की वेबसाइटों पर भी देखा जा सकता है साथ ही विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर भी योजना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

## डीईओ डॉ. दुबे को कर्मचारियों ने दी विदाई




**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे की 30 नवम्बर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्त पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री दुबे को भावभीनी बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी।

सहायक संचालक राजेन्द्र शिप्रे ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दुबे के गौरव पूर्ण कार्यकाल के विषय में बताते हुए कहा कि डॉ. दुबे एक कर्मठ व अनुशासन प्रिय शैणिक नवाचार के प्रणेता है। उनके कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर नवीन नवाचार हुए। इसके परिणाम स्वरूप जिले में 84 शालाएं, स्मार्ट शाला, पीएमश्री शालाएं, 06 उच्च गुणवता सांदीपनि विद्यालय पूर्ण किये गये। इसके साथ ही पिछले तीन वर्षो के बोर्ड परीक्षा परिणाम में निरन्तर सुधार हुआ हैं। वर्ष 2024-25 में जिला कक्षा 12 में तीसरा एवं कक्षा 10 वी में छटवे नंबर पर रहा। जिले के 116 विद्यालयों में नियमित प्रयोगशाला संचालित की गई।

शालाओं को सुविधायुक्त बनाने में राज्य से आवश्यक बजट स्वीकृत कराया गया। उसका प्रदर्शिता समय सीमा में व्यय कराया गया। कार्यालय का कायाकल्प किया गया, जिससे सभी कर्मचारी अच्छे वातावरण, सुविधायुक्त भवन में कार्य कर रहे हैं, जिससे उनकी कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है। कार्यालय के कर्मचारियो के प्रति सहृदय सम्बन्ध रहे हैं। कर्मचारी के कठिन वक्त में चट्टान की तरह उनके पक्ष में खड़े रहे। सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सस्तया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डाईट शाजापुर गौरव सौनी ने किया।

## विधानसभा में विधायक भीमावद ने क्षेत्रहित में दिया वक्तव्य

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश विधानसभा के सत्र में शाजापुर विधायक अरुण भीमावत ने क्षेत्र में अल्प वर्षा से किसानों को हुए नुकसान, नीलगाय-हिरण से फसल हानि तथा फसल बीमा सर्वे से जुड़े गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि शाजापुर जिला, मोहन बड़ोदिया, शाजापुर तहसील एवं बड़ोदिया तहसील में अत्यंत कम वर्षा हुई थी। इसी समस्या को उन्होंने मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में लाया और मुख्यमंत्री ने एक छोटे से आग्रह पर त्वरित आदेश जारी करते हुए किसानों को राहत राशि स्वीकृत की, जिससे हजारों कृषक परिवार लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 84 करोड़ रुपये की राहत राशि अल्प वर्षा प्रभावित किसानों को प्रदान की गई। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार किसानों के हित में निर्णय ले रही है। इसी के साथ केंद्र सरकार भी फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को राहत दे रही है। उन्होंने सदन में बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 2016 से 2024 तक 31 हजार करोड़ रुपये फसल बीमा के माध्यम से किसानों को दिए गए हैं। यही नहीं अब तक 4.50 लाख किसानों ने 10 लाख 10, हजार मीट्रिक टन सोयाबीन की बिक्री की है और भावांतर की राशि 10-15 दिनों में किसानों के खातों में जमा की जा रही है। यह किसानों के सरकार पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। बोमा तकनीक को लेकर विधायक भीमावद ने सदन में बताया कि विधायक ने सदन में बताया कि शाजापुर जिले में नीलगाय व हिरण की संख्या के कारण वर्षों से किसानों की फसल को भारी क्षति होती थी। इस समस्या के समाधान हेतु उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की एजेंसी से संपर्क कर बोमा तकनीक को शाजापुर में लागू करवाया। इससे बड़ी संख्या में नीलगाय एवं हिरणों को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित किया गया और लाखों किसानों की फसलों को बचाया गया।

## दीनदयाल रसोई योजना केंद्रों के संचालकों को नोटिस जारी किए

### निगम उपायुक्त जाफरी ने चलित एवं स्थाई रसोई केंद्रों की समय की अनियमितता पर की कार्यवाही

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पंडित दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत देवास नगरीय सीमा क्षेत्र में कार्यरत श्रेया एजुकेशनल एंड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन भोपाल और जय मां गौरी एच.एच.जी.सांची जिला रायसेन को चलित एवं स्थाई रसोई केंद्रों को भोजन प्रदान करने का कार्य समय पर आरंभ न करने और समय से पहले बंद करने पर उपायुक्त नगर निगम जाकिर जाफरी ने संस्थाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

निगम के एन.यू.एल.एम. विभाग के सिटी मैनेजर विशाल जगताप ने बताया कि सूचना पत्र में कहा गया है कि निगम अधिकारियों द्वारा समय-समय पर किए गए निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि रसोई केंद्रों का संचालन अनुबंध अनुसार नही हो रहा है। रसोई केंद्र निर्धारित समय प्रातः 10 बजे आरंभ नहीं हो रहे हैं और कभी-कभी बंद करने के समय दोपहर 3 बजे के पूर्व ही बंद कर दिए जाते हैं ऐसे में हितग्राहियों को भोजन प्राप्त नहीं हो पता है और शासन की जनकल्याणकारी योजना के लाभ से हितग्राही वंचित रह जाते हैं यह स्थिति घोर आपत्तिजनक है। नोटिस में कहा गया है कि क्यों न इस लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए संस्थाओं का अनुबंध निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जावे। नोटिस का जवाब तीन दिवस में मांगा गया है साथ ही रसोई केंद्रों के संचालकों को सूचित भी किया गया है कि रसोई केंद्रों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और हितग्राहियों की ऑनलाइन की इंट्री पोर्टल पर दर्ज की जाना सुनिश्चित करें।

## आज से असर दिखाएगी सर्दी, कड़ाके की सर्दी की होगी शुरूआत

### दिन और रात के तापमान में 3 डिग्री तक आएगी गिरावट, घना कोहरा भी छाएगा



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिसंबर माह की शुरूआत होते ही मौसम भी सर्द होने लगा है। कुछ दिन पहले जरूर तापमान में बढ़ोत्तरी हुई थी, लेकिन मौसम साफ होते ही धूप सुहानी व हवाएं चुभ रही हैं। तापमान में भी प्रतिदिन गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अब तापमान में लगातार गिरावट होगी।

बुधवार को भी अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 28 से घटकर 27.7 व न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शीतलहर ने भी नगर को अपना डेरा बना रखा है। हालांकि दिन में खिल रही धूप लोगों को राहत प्रदान कर रही है, लेकिन आगामी दिनों में तापमान कम होने से दिन में भी सर्दी का असर तेज होगा।

5 डिग्री तक पहुंचेगा रात का तापमान - बुधवार को भी दिन की शुरूआत कोहरे के साथ हुई थी। इसके बाद दिन में तेज धूप खिलने के बाद गर्मी का एहसास होने लगा था। वहीं सूरज ढलते ही सर्द हवाओं ने ठंडक का एहसास कराया। जिससे सर्दी का एहसास हुआ। वहीं गुरूवार से मौसम में ठंडक बढ़ेगी और सर्द हवाओं की गति भी बढ़ेगी। स्थानीय मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी 3 दिन तक रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। उन्होंने बताया कि संभावना है कि इसी माह रात का तापमान 5 डिग्री तक पहुंच सकता है।

रात में जलने लगे अलाव- सूरज ढलते ही मौसम सर्द हो रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रात में लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। देर रात काम करने वाले लोगों को अलाव के सहारे समय गुजारना पड़ रहा है। वहीं सुबह-सवेरे काम करने वाले लोगों को भी धूप खिलने से पहले अलाव के सहारे ही समय गुजारना पड़ रहा है।


## जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा प्रियंका पति विष्णु जाति तेली निवासी ग्राम सुकलाना तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा मंजुबाई पति विष्णु यादव निवासी ग्राम अटावदा तहसील हातोद जिला इंदौर म.प्र. सें उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि ग्राम कुनगारा तह. बड़नगर स्थित भुमि सर्वे नं 273/1 रकबा 0.53 हेक्टर को कय करने का अनुबंध करते हुए आंशिक प्रतिफल भी अदा कर दिया है और शीघ्र ही विकय पत्र का निष्पादन होना है।.

अतः इस जाहिर सुचना के जरिये हर खास व आम कि जानकारी हेतु यह सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था का कोई ऋण भार या स्वत्व हों तो वह इस जाहिर सुचना से 7 दिवस कि अवधि मे अपने स्वत्व संबंधी दस्तावेज मेरे कार्यालय मे 7 दिवस में प्रस्तुत करे, बाद अवधि पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का विकय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगा। सुचित हो।

दिनांक 01.12.2025 प्रेषके

शेरसिंह पटेल (राधे) एडव्होकेट,
न्यायालय परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.
मों. 9098851436

# भागवत कथा द्वितीय दिवस, दुनिया के मायाजाल से भक्ति और भजन ही छुटकारा दिला सकते हैं - पं नागर

**10 हजार स्क्वायर फीट पंडाल बढ़ाने के बाद भी पड़ा छोटा, धूप में बैठकर कथा का श्रवण किया श्रोताओंने**



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मन कितना भी खराब हो भटकता हो तो गुरु से ज्ञान लेने के बाद बुरे लक्षण छोड़ देने चाहिए यदि जीवन भर गुरुज्ञान याद नहीं रहे तो जितने देर भगवान की पूजा करने बैठे उतनी देर तो गुरुज्ञान याद रखना चाहिए।यदि याद रख किया तो वह सिद्ध हो जाता है क्योंकि वह गुरु के मार्गदर्शन में होता है। यह बात भागवत कथा के दूसरे दिन पं कमल किशोर जी नागर ने कही । साथ ही कहा कि आज दुनिया दिखावटी बनती जा रही है असली ओर नकली की पहचान करना कठिन हो गया है। आज की पीढ़ी दिखावे की ज़िन्दगी जी रही है।

प्रयागराज के मेले में क्या दिखाया गया आप सभी जानते हो क्या इसके अलावा कोई आया था संत महात्मा कितने आए थे कितने को देखा आपने आप सभी जानते हो बताने की जरूरत है। इसलिए युवा पीढ़ियों को इस दिखावटी दुनिया से दूर रहना चाहिए।

आज मनुष्य दुनिया के मायाजाल में उलझता चला जा रहा है । बेटा बेटी पत्नी पैसा धन संपदा सब यही धरा के धरा रहा जाएगा। कोई भी साथ नहीं आयेगा।केवल भक्ति और भजन ही आपके साथ आयेगे ।

भागवत कथा के दूसरे दिन लगभग 10 हजार स्क्वायर फीट पंडाल बढ़ाया गया था वह भी कम पड़ा। धूप में बैठकर भी भागवत कथा का श्रवण किया ।

कथा परिसर में ओम नमो भगवते वासुदेवाय का अखंड जाप किया जा रहा है बुधवार को तिलगारा द्वारा जाप किया गया।

भागवत कथा में 70 प्रतिशत से अधिक युवा भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं युवाओं के यह लगन को देखकर ऐसा लग रहा मानो बाहरी ओर दिखावटी दुनिया से अध्यात्म की ओर लौट रहे है। जो समाज में एक अच्छा संदेश है।

## विधानसभा क्षेत्र-184 कसरावद एवं 183 महेश्वर ने समयसीमा से पूर्व 100 प्रतिशत डिजिटाइज़ेशन किया पूर्ण



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने मतदाताओं के गणना पत्रकों को शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर विधानसभा क्षेत्र-184 कसरावद एवं विधानसभा क्षेत्र-183 महेश्वर की निर्वाचन टीम को दी बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि 3 दिसंबर 2025 की प्रातः 10 बजे की स्थिति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र-184 कसरावद ने तथा दोपहर 2 बजे की स्थिति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र-183 महेश्वर ने यह उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है।

कसरावद ईआरओ श्री सत्येन्द्र बैरवा एवं एईआरओ श्री मुकेश मचार के कुशल नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र कसरावद की निर्वाचन टीम द्वारा कड़ी मेहतन कर जिले में शत प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का पूर्ण डिजिटाइजेशन कार्य किया है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कसरावद विधानसभा क्षेत्र में कुल 253 मतदान केन्द्रों में 253 बीएलओ द्वारा 243795 मतदाताओं में से 234426 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया गया है। शेष मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट पाये गए है, जिनका गणना पत्रक असंग्रहित रहा। क्षेत्र में 1340 ऐसे मतदाता है जिनकी मैपिंग वर्ष 2023 की मतदाता सूची से नहीं हो पाई है।

महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में ईआरओ सुश्री पुर्वा मण्डलोई एवं एईआरओ श्री कैलाश सस्त्या के नेतृत्व में निर्वाचन टीम द्वारा क्षेत्र के 252 मतदान केन्द्रों में 252 बीएलओ द्वारा 232262 कुल मतदाताओं में से 222332 मतदाताओं को डिजिटाइजेशन कार्य किया गया है। शेष मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट पाये गए हैं, जिनका गणना पत्रक असंग्रहित रहा। क्षेत्र में 1673 ऐसे मतदाता है जिनकी मैपिंग वर्ष 2023 की मतदाता सूची से नहीं हो पाई है।

## विश्व एड्स जगरूकता कार्यक्रम



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार भारतरत्न श्रीअटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय गौलाना मे रेड रिबन क्लब एवम राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देशन में विश्व एड्स जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉ. बी. एस. बिभूति ने की एवम विधार्थियो को एड्स के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी मे संस्था के प्राध्यापको ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के महत्व को समझाया तथा एड्स से बचाव ही एड्स से सुरक्षा है इस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का संचालन रेड रीबन क्लब के प्रभारी डॉ.ओम प्रकाश वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत डॉक्टर आलोक परमार द्वारा सबका आभार किया गया। जानकारी महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जीवनलाल शर्मा द्वारा दी गई।

## प्रत्येक संख्या में आध्यात्मिक कार्यक्रम



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया शाजापुर में गीता के 15 अध्याय का सस्वर वाचन किया गया हम इस अवसर पर समस्त प्रशिक्षणार्थी डाइट परिवार ने आध्यात्मिक लाभ लिया खाटू श्याम सेवा सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष एवं प्रोग्रेसिव पेश कर संगठन के मंत्री डॉ सुशील गहलोत ने उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में इस तरह के कार्यक्रम होना चाहिए। समाजसेवी डॉक्टर सुशील गहलोत ने बताया कि डाइट में भावि शिक्षक प्रशिक्षण लेते हुए और आध्यात्मिक कार्यक्रम से बहुत प्रभावित होते हैं। गीता हमें सदैव कर्म करते रहने की प्रेरणा देती है प्रत्येक मनुष्य को फल की चिंता किए बिना कर्म करते रहना चाहिए हर व्यक्ति अपने आचार विचार रहन-सहन खान पान वेशभूषा से सतोगुणी रजोगुणी और तमोगुण हो सकता है ।

## जिले में चायनीज मांझा प्रतिबंधित...

**आगर-मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** चायनीज मांझा (चायना डोर) का पतंगबाजी में उपयोग से आमजनता एवं पशु-पक्षियों में होने वाली घटनाओं की रोकथाम हेतु सम्पूर्ण आगर-मालवा जिले में चायनीज मांझा (नायलॉन, चीनी, और कपास के साथ लेपित मांझा/कांच का उपयोग करके निर्मित मांझा) का विनिर्माण, विक्रय, भंडारण और उपयोग प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने आमजन और पशु-पक्षियों की सुरक्षा के दृष्टिगत भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् सम्पूर्ण आगर-मालवा जिले में चायनीज मांझा के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। आदेश दो माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। जिसका उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत् दण्डनीय अपराध होगा।

# महावीर विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर अभिभावकों में नाराज़गी, लिखित शिकायत में कई कमियाँ उजागर





**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** स्थानीय महावीर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्थागत कमियों को लेकर अभिभावकों ने गंभीर आपत्ति जताते हुए प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपी है। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय में कई मूलभूत समस्याएँ लंबे समय से बनी हुई हैं, जिनका समाधान नहीं किया जा रहा।

शिकायत पत्र के अनुसार विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है, जिसके कारण छात्रों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। पेयजल व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं बताई गई है और पानी में कई बार बदबू आने की शिकायत की गई है।

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि सीबीएसई नियम के अनुसार 8 घंटे की अध्ययन अवधि अनिवार्य है, जबकि विद्यालय में केवल 6 घंटे की क्लासेस संचालित की जा रही हैं। साथ ही सीबीएसई पैटर्न की पढ़ाई, फिजिकल एजुकेशन, को-करिकुलर एक्टिविटीज, स्पोर्ट्स और कंप्यूटर ट्रेनिंग जैसी सुविधाएँ भी संतोषजनक स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि छोटे बच्चों को कंप्यूटर लैब में उचित प्रशिक्षण नहीं दिया जाता, जिससे उनके कौशल विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही परीक्षा में टाइप सिलेक्टेड प्रश्नपत्र देने की प्रथा का विरोध किया गया, जिससे बच्चों की रचनात्मक सोच और विश्लेषण क्षमता के विकास में बाधा पहुँचती है।

अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय खुद को सीबीएसई पैटर्न का बताते हुए भी अधिकांश छात्रों को अपनी पढ़ाई के लिए कोचिंग संस्थानों पर निर्भर होना पड़ता है, जो व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

अभिभावकों के हस्ताक्षरित इस शिकायत पत्र में सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की माँग की गई है। सम्बंधित विभाग ने कहा है कि प्रकरण की जाँच की जाएगी और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## जिला अस्पताल में जटिल ऑपरेशन से श्रद्धा की मुश्किल आसान हुई

**खण्डवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गत दिनों सनावद निवासी 31 वर्षीय श्रद्धा पति अजीत अपने परिजनों के साथ मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल खण्डवा में प्रसव के लिए भर्ती हुई, जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. महिमा ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। चूंकि श्रद्धा को पहला प्रसव भी सिजेरियन ऑपरेशन से हुआ था, और इस दूसरे प्रसव में भी आवल पहले होने के कारण श्रद्धा को अत्यधिक रक्तस्त्राव हो रहा था। उसका हीमोग्लोबिन मात्र 7 ग्राम रह गया था। मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. भारती, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा पवार एवं डॉ. लक्ष्मी डूडवे व उनकी टीम ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा पवार ने बताया कि श्रद्धा को आई. वी. इंजेक्शन व 3 बोतल खून चढ़ाकर ऑपरेशन किया। डॉक्टर्स की टीम ने तुरंत बच्चेदानी का ऑपरेशन कर जच्चा बच्चा दोनों की जान बचाई। श्रद्धा को ऑपरेशन के बाद इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया और वेंटिलेटर पर रखकर चिकित्सक एवं स्टॉफ की निगरानी में उसका उपचार किया गया। श्रद्धा के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे में सुधार होने लगा। कुछ दिन बाद जब श्रद्धा पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो गई, तो उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अजीत ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी श्रद्धा को लेकर जिला अस्पताल आए थे, उस समय उसकी हालत बहुत गंभीर थी, और बचने की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। अजीत ने बताया कि जिला अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने मेरी पत्नी श्रद्धा का समय पर अच्छा इलाज किया एवं खून की बोतल चढ़ाई जिसकी वजह से उसकी जान बच सकी। उसके लिए वह डॉक्टर्स की पूरी टीम का बार बार आभार प्रकट करता है। श्रद्धा और उसके परिवारजन अब बहुत खुश हैं।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मदर टैरेसा झाबुआ में शिविर



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ श्रीमती विधि सक्सेना के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ के तत्वाधान में मदर टैरेसा आश्रम झाबुआ में 03 दिसम्बर-2025 विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर नालसा (मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना-2024 अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री शिव कुमार डावर न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक रूप से विकलांग एवं मानसिक बीमार व्यक्तियों को समाज में विशेष सुरक्षा, संवेदना और सम्मान की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 ऐसे व्यक्तियों को समान अवसर, गरिमा, उचित इलाज, सुरक्षित वातावरण तथा भेदभाव से संरक्षण प्रदान करते हैं। न्यायाधीश ने यह भी बताया कि मानसिक बीमारी कोई कमजोरी नहीं बल्कि एक स्वास्थ्य अवस्था है, जिसका सही उपचार और सहयोग मिलने पर व्यक्ति सम्मानपूर्वक जीवन जी सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांग एवं मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वे अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकें।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जयदेव माणिक ने उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं, उपचार संबंधी प्रावधानों तथा हिंसा या प्रताड़ना से सुरक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में मदर टैरेसा सिस्टर्स, स्टॉफ उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी संबंधित विभाग को निर्माण एजेंसी के साथ समेकित एवं समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ष्विभागों और निर्माण एजेंसी के बीच तालमेल की कमी विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करती है। यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और समय सीमा पर पूर्ण हो। श्रीमती सिंह ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। कलेक्टर ने कहा कि ष्कार्य किसी भी स्थिति में रुकने नहीं चाहिए और यदि कोई बाधा आती है, तो उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित निराकरण किया जा सके।ष् बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रेल्वे बोर्ड दिल्ली के अधिकारी श्री सोनकर से सकलेचा ने करी भेंट




**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागदा जर्नलिस्ट क्लब के संस्थापक अध्यक्ष राजेश सकलेचा ने बुधवार सुबह 9 बजे नागदा रेल्वे स्टेशन पर पब्लिक इंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग गवर्मेंट ऑफ इंडिया फॉर्मर मेंबर इन इंफ्रास्ट्रक्चर रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के मेम्बर रूप नारायण सोनकर से दिल्ली से इन्दौर जाते समय अल्प समय के लिये नागदा प्लेटफार्म पर सादगी पूर्ण भेट की गई तथा उन्हे पुष्पमाला व गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। भेंट के दौरान सकलेचा ने श्री सोनकर जी से चर्चा की गई। इस मौके पर सकलेचा के साथ नागदा जर्नलिस्ट क्लब के मीडिया प्रभारी जीवनलाल जैन एवं रेल्वे के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# खेलों में अनंत संभावनाएं हैं, किसने सोचा था कि महिला क्रिकेटर के खेल को करोड़ों में आँका जाएगा - फुटबाल कोच श्री जोशी




**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में पाँच दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र जोशी जिला फुटबाल कोच और समारोह अध्यक्ष श्री कुन्दन राठोर प्रभारी प्राचार्य की उपस्थिति में हुआ। समारोह प्रभारी श्री सुमित सिंह खेल शिक्षक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार हफ्ते भर विद्यालय में नर्सरी से लेकर उच्च माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु अनेक स्पर्धाओं का आयोजन हुआ । समापन समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना उपरांत मशाल जलाकर हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र जोशी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में अनंत संभावनाएं हैं, आप सही मार्गदर्शन और अपने जज्बे से मात्र चार या पाँच वर्ष खेलकर जिंदगी भर की कमाई कर सकते हैं। किसने सोचा था कि महिला क्रिकेटर के खेल को करोड़ों में आँका जाएगा । समापन अवसर पर प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों के लिए 30 मीटर, 50 मीटर तथा 80 मीटर दौड़, लेसन रेस एवं ग्रेट्टु रेडी फॉर स्कूल जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा 6 से 8 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए खो-खो एवं टेबल टेनिस, कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए बास्केटबॉल, कक्षा 9 से 12 तक के लिए रिले रेस तथा कक्षा 6 से 12 के लिए भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए 50 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# कलेक्टर ने विश्व दिव्यांग दिवस सीडब्ल्यूएसएन हॉस्टल के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ मनाया

**देर शाम हॉस्टल पहुँचकर बच्चों के साथ किया भोजन**



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कलेक्टर नेहा मीना ने डीडीआरसी परिसर स्थित सीडब्ल्यूएसएन हॉस्टल में पहुँचकर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ स्नेहपूर्ण वातावरण में भोजन किया।

कलेक्टर ने बच्चों से सांकेतिक भाषा में संवाद कर उनकी दैनिक दिनचर्या, पढ़ाई और हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चे भी उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा करते नजर आए।

कलेक्टर ने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस हमें याद दिलाता है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हमारी सामूहिक जिम्मेदारी हैं। उनकी प्रतिभा, संवेदनशीलता और क्षमता किसी भी तरह से कम नहीं है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उन्हें ऐसा वातावरण मिले जहाँ वे सम्मान, सहयोग और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। साथ ही प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में विशेष आवश्यकता वाले बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवास एवं आवश्यक सहायक उपकरण सहज रूप से उपलब्ध कराए जाएँ।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बताया कि हॉस्टल में शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और निर्देश दिए कि यह कार्य एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ कराया जाए। इसके साथ ही हॉस्टल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बच्चों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए सभी सुविधाएँ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएँ, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुरक्षित, स्वस्थ और प्रेरणादायी वातावरण में रह सकें।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में कृषि विभाग के विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में परंपरागत कृषि विकास योजना और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई और अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। प्रमुख बिंदु एवं निर्देश 1. कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। 2. परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एवं योजना के तहत बनाए गए क्लस्टरों में खेती की प्रगति की समीक्षा की गई और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। 3.राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत किसानों के बीच प्राकृतिक खेती के लाभों, जैसे-लागत में कमी, मृदा स्वास्थ्य में सुधार, और बेहतर उपज की गुणवत्ता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपसंचालक कृषि विभाग ने बताया कि जिले में इस अभियान के तहत कुल 40 क्लस्टर बनाकर 5 हजार कृषकों को चिह्नांकित किया गया है। जिन्हें एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकृत करने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए शासन की प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाना और खेती को टिकाऊ बनाना है, जिसमें जैविक और प्राकृतिक खेती की अहम भूमिका है। सभी अधिकारी इस दिशा में मिलकर कार्य करें। बैठक में उपसंचालक कृषि और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस पर खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

## दिव्यांग विद्यार्थियों ने दिखाया अदम्य साहस और प्रतिभा

**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 03 दिसंबर को विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट विद्यालय खरगोन के खेल मैदान और सभागृह में खेलकूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक, नृत्य, गायन, वादन, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में दिव्यांग विद्यार्थियों ने उत्साह, अदम्य साहस और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रातः कालीन आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर और दिव्यांग विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री परिहार ने कहा कि यह दिन हमें दिव्यांगजनों के समान अधिकारों और सम्मान के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इन बच्चों ने जिस जोश, जज्बे और जुनून के साथ प्रदर्शन किया है, वह हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। विशेष अतिथि श्री कर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से इन बच्चों को आत्मविश्वास और समाज में समावेशन की भावना को मजबूत करने का अवसर मिलता है। खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। यह आयोजन न केवल दिव्यांग विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि योग्यता अवसरों की मोहताज नहीं होती।

समापन अवसर पर विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 श्रेणी में फिरा जमरे और कक्षा 1 से 8 श्रेणी में निहारिका राठौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 श्रेणी में नेहा यादव और 1 से 8 श्रेणी में अनिल बर्डे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में राहुल घनश्याम तथा समूह गायन में राहुल व समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक रेस में श्रवण बाधित कक्षा 11 और 12 श्रेणी में सुनील राजाराम और कक्षा 9 और 10 श्रेणी में अंकित जगदीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालिका रेस में श्रवण बाधित कक्षा 9 से 12 श्रेणी में फिरा जमरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मानसिक दिव्यांग श्रेणी में 50 मीटर रेस में बालक वर्ग में रोहित भंगा और बालिका वर्ग में निशा महादेव विजेता रहे। श्रवण बाधित श्रेणी में 50 मीटर रेस में बालक वर्ग में गोविंद मदन और बालिका वर्ग में आंचल मुकेश विजेता रहे।

25 मीटर श्रवणबाधित बालक वर्ग में कृष्णा शिवराम, बालिका वर्ग में नंदिनी सुभाष, दृष्टिबाधित बालक वर्ग में कार्तिक राजकुमार और बालिका वर्ग में हिना लोकेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कक्षा 5 से 8 श्रेणी में गोविंद मदन, कक्षा 9 से 10 श्रेणी में रिनकेश सिंह और बालिका वर्ग में कक्षा 5 से 8 श्रेणी में कंचन विजेता रहे। भाला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कक्षा 9 से 10 श्रेणी में अंकित चौहान और कक्षा 11 से 12 श्रेणी में सुनील सोलंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार कानुडे, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री धर्मेंद्र गांगले, जिला परियोजना अधिकारी श्री खेमराज सेन, सहायक संचालक सुश्री सोनालिका अचाले, क्रीडा निरीक्षक श्री हबीब बेग मिर्जा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नगर पालिका परिषद श्री जगदीश सोलंकी एवं सर्व शिक्षा अभियान के एपीसी श्री प्रदीप सोलंकी उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय में एचआईव्ही एड्स पर हुआ जागरूकता सत्र



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एआरटी सेंटर जिला चिकित्सालय खरगोन में टेक्निकल जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान एड्स नियंत्रण के जिला नोडल अधिकारी डॉ हर्ष महाजन द्वारा जिले में चल रहे एड्स नियंत्रण के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं उसकी उपलब्धियों से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि खरगोन एआरटी में 880 एचआईव्ही पॉजीटीव मरीज पंजीकृत है जो एआरटी सेवाओ का लाभ ले रहे है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ राजकुमारी देवडा द्वारा गर्भवती महिलाओ से शिशु में एचआईव्ही की रोकथाम से अवगत कराया गया। नोडल अधिकारी एआरटी डॉ विनयसिंग चौहान द्वारा पोस्ट एक्पोजर प्रोफाइलेक्सिस की जानकारी दी। नोडल अधिकारी आईसीटीसी डॉ रत्नेश महाजन द्वारा विश्व एड्स दिवस की थीम व्यवधान पर काबु पाना एवं एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाने के संबंध में अवगत कराया गया।

## निरीक्षणकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है 1100 से अधिक शासकीय शालाओं का निरीक्षण

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार धीमा गति से कार्य करने वाली शालाओं के निरीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर द्वारा जिले की 1100 से अधिक शालाओं में निरीक्षणकर्ता नियुक्त किये गये है। जो कि शालाओं में उपस्थित होकर शालाओं का निरीक्षण करेंगें और मॉनिटरिंग कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह मॉनिटरिंग कर्ता 03 दिसंबर से 08 दिसंबर तक शालाओं का निरीक्षण करेंगे। यह निरीक्षण अभियान विद्यालयों की वास्तविक स्थिति सुधारने और विभागीय योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कराने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। निरीक्षणकर्ताओं को सात दिवस में सटीक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## विद्यार्थियों को दिया गया मिलावट की जांच करने का प्रशिक्षण, साथ ही लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बुधनी के शासकीय हाई स्कूल में विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की जांच का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विभाग की चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति बंसल द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि खाद्य पदार्थ में मिलावट की जांच किस प्रकार की जाती है। इसके साथ ही स्कूल से मध्यान भोजन की जांच के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए गए हैं। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बुधनी स्थित दों दुकानों मां बिजासन किराना स्टोर एवं शिवा किराना स्टोर से भी जांच के लिए विभिन्न खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए गए हैं।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को प्रदान किए गए निशुल्क सहायक उपकरण



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सीहोर में वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को अलिम्कों के अंतर्गत निशुल्क सहायक उपकरण जैसे - टीएलएम किट, सीपी चेयर, व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवणयंत्र, छड़ी, बैसाखी, फोल्डिंग स्टिक तथा अन्य सहायक उपकरण सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आयुक्त डा. अजय खेमरिया, श्री अखिलेश राय, श्रीमती अरुणा सुदेश राय, एनआईएमएचआर निदेशक डा. अखिलेश शुक्ला, सुश्री नेहा विजयवर्गीय, श्री संतोष विजयवर्गीय और श्री अर्जुन सिंह ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में नीति आयोग आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न




**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी जिला और विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न सूचकांकों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिले के सर्वांगीण विकास में तेजी लाने हेतु कई महत्वपूर्ण और कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्वास्थ्य एवं पोषण संकेतकों में त्वरित सुधार लाने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्थागत प्रसव की दर को बढ़ाने के लिए हर गर्भवती महिला की पहुँच बर्थ वेटिंग रूम तक सुनिश्चित की जाए, ताकि अंतिम समय में होने वाली परेशानियों को कम किया जा सके। जिले में कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके पोषण एवं उपचार के लिए किए गए प्रयासों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इस संबंध में प्रभावी कार्य योजना बनाकर तत्काल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही टीबी उपचार और गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। सभी किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने और इसके उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। कृषि और अन्य संबंधित प्रयोगशालाओं को मजबूत करने और उनकी क्षमताओं का विस्तार करने के निर्देश दिए गए, जिससे गुणवत्तापूर्ण जांच और परिणाम समय पर प्राप्त हो सकें। पीएचई विभाग द्वारा हर घर जल प्रमाणित कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की गई और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुँचाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के सर्वांगिण विकास को गति देना है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी लगन और समर्पण के साथ करें।

# संभागायुक्त द्वारा मातृत्व पंजीयन एवं पोषण की सघन समीक्षा




**जबलपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह की अध्यक्षता में पाटन के अनुविभागीय राजस्व सह तहसील कार्यालय में महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पोषण प्रबंधन कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें संभागायुक्त द्वारा मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अंतर्विभागीय समन्वय से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं में प्रभावी रूप से कार्य करें। साथ ही महिला एवं बाल विकास के विभागीय अमले को निर्धारित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिसमें मुख्य रूप से शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनका नियमित फॉलोअप तथा पोषण प्रबंधन आदि सुनिश्चित करना, जिला स्तर पर पोषण समितियों की बैठक करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पोषण ट्रैकर, संपर्क, अनमोल व आरसीएच पोर्टल पर विवरणों को समय पर दर्ज करने तथा फील्ड भ्रमण से पुष्टि करने के निर्देश दिए। मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की आशा व महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संयुक्त रूप से नियमित भ्रमण करें। संभागायुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से हितग्राहियों को टेक होम राशन वितरण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पंजीयन एवं एएनसी पंजीयन की समीक्षा भी की। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि एनीमिया व हाई रिस्क प्रेगनेंसी की रोकथाम के लिए समुचित उपाय करें। उन्होंने संस्थागत प्रसव और नियमित टीकाकरण की भी समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले को समन्वय में लेकर शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की मॉनिटिरिंग सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन की दिशा में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बीमारियों की रोकथाम व निक्षय पोषण बास्केट वितरण के बारे में जानकारी दी। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी गंभीरता से कार्य करें एवं किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही ना की जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक गहलोत, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेश दीक्षित, एसडीएम श्री मानवेन्द्र सिंह सहित संभाग, जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिखाएं प्रतिभा के विविध रंग शासन प्रशासन, संस्थाए एवं समाज का दिखा समावेशी समागम




**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** समान अवसर एवं बाधा रहित जीवन दिव्यांगजनों को सर्वांगीण विकास में सुगमता प्रदान करता है इसी का परिणाम है कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले की दिव्यांगजन कल्याण क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं के समन्वय से शहर के मिडिल स्कूल ग्राउंड में सामर्थ्य प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश श्री अमूल मंडलोई के द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान न्यायाधीश श्री मंडलोई ने कहा जिला प्रशासन के द्वारा जिले में समग्र दिव्यांग पुनर्वास कार्य में सलग्न संस्थाओं के समन्वय से समावेशी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें जिले भर के दिव्यांगजन जिन्होंने अपनी प्रतिभा का मंचन कर सभी को समान अवसर की सुलभता देने की सीख दी। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री रॉबिन दयाल ने कहा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से भी दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं तथा किसी भी प्रकार की न्याय एवं शासन की सेवाओं में सुगमता के लिए वह प्राधिकरण में निशुल्क सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। खेल विभाग से मुकुंद यादव, इंद्र कुमार यादव, श्री मुकेश यादव, सुश्री मढ़ी सोलंकी के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल ग्राउंड पर जैसे ही खेलकूद गतिविधियों का आगाज किया गया वैसे ही दिव्यांगों ने एक-एक करके विभिन्न खेल जिनमें ट्राईसाईकिल रेस व्हीलचेयर रेस , दौड़,क्रिकेट, फुटबॉल गोला फेक, भाला फेक, राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री मनोज पटेल के संयोजन में पंजा कुश्ती इत्यादि प्रतियोगिताओं में विभिन्न श्रेणी के पुरस्कार जीते। द्वितीय श्रृंखला में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंचीय प्रस्तुति के दौरान एकल नृत्य सामूहिक नृत्य जनजातीय गीतों पर युगल नृत्य आदि में दिव्यांगजनों ने समां बांध दिया। खेल प्रतियोगिता में आशाग्राम ट्रस्ट के आशा आश्रय गृह के मनोरोगियों के द्वारा भी सहभागिता की वही श्री कांता विकलांग सेवा ट्रस्ट झाकर निवाली, संत अगस्टिन सोशल सर्विस सोसायटी सेंधवा के समन्वय से दिव्यांगजनों के द्वारा अपने कौशल का प्रदर्शन किया गया। हस्त निर्मित उत्पाद भी रहे आकर्षण का केंद्र नवजीवन एवं बजरंगबली व शिव शक्ति स्व सहायता समूह के द्वारा अपने हस्त निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाई गई वहीं आवश्यक ग्राम ट्रस्ट द्वारा भी हस्त निर्मित दरी उत्पाद का स्टॉल लगाया गया जहां पर लोगों ने खरीदी की। कार्यक्रम का संचालन श्री जगदीश गुजराती के द्वारा किया गया।इस दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक श्री रौनक सोलंकी जिले के सभी विकासखंडों के समग्र सुरक्षा अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र आशा ग्राम के पदाधिकारी आशाग्राम ट्रस्ट श्री कांता विकलांग सेवा ट्रस्ट संत अगस्टिन सोशल सर्विस सोसायटी सम विकास सेवा संस्थान के दिव्यांगजन सहित दिव्यांग विकलांग कल्याण परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# सीहोर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

## दिव्यांगजन समाज के अनमोल हीरे हैं– प्रधान जिला न्यायाधीश

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों के माध्यम से दिव्यांग प्रतिभागियों ने अपनी क्षमता और प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज के ऐसे अनमोल हीरे हैं जिन्हें केवल तराशने की जरूरत है। अवसर और संसाधन मिलने पर वे समाज और राष्ट्र के विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी से दिव्यांगजनों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि समान अवसर और गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सहायता पहुँचाने हेतु सतत कार्यरत है और दिव्यांगजनों के लिए विशेष अभियानों का संचालन भी कर रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन आयुक्त डॉ अभय खेमरिया, सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री महेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर, डीपीसी श्री आरआर उइके, एनआईएमएचआर डायरेक्टर डॉ अखिलेश शुक्ला सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित- इस अवसर पर दिव्यांग जनों को प्रोत्साहित करने के लिए फैंसी ड्रेस, रंगोली, गायन, वादन, निबंध लेखन, पेंटिंग, गोला फेक, साइकिल रेस सहित अनेक कला एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे कलात्मक डिज़ाइनों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। विभिन्न थीम पर बनाई गई रंगोलियों ने वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। गायन प्रतियोगिता में दिव्यांग प्रतिभागियों ने मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। वादन प्रतियोगिता में ढोलक, हारमोनियम और की-बोर्ड पर दी गई प्रस्तुतियों ने बच्चों की संगीत साधना और लय-ताल की समझ को दर्शाया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दों, आत्मनिर्भरता और दिव्यांग अधिकारों पर अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। बच्चों की सृजनात्मक सोच और अभिव्यक्ति क्षमता विशेष रूप से सराहनीय रही।

पेंटिंग प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरा। विविध विषयों पर बनी चित्रकृतियों ने उनकी संवेदनशीलता और कलात्मक प्रतिभा को उजागर किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बच्चों और युवाओं की दमदार कोशिशों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।साइकिल रेस में दिव्यांग प्रतिभागियों ने अद्भुत संतुलन और गति का प्रदर्शन करते हुए ट्रैक पर शानदार प्रतिस्पर्धा की। रेस के दौरान बच्चों की उत्सुकता और जज़्बे को देखकर दर्शक भी रोमांचित हो उठे।

# कलेक्टर ने आईटीसी रिसर्च एवं डेवलपमेंट फार्म तथा खाद्य प्रसंस्करण यूनिट का किया निरीक्षण



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने इछावर जनपद के ग्राम अरोलिया स्थित आईटीसी रिसर्च एवं डेवलपमेंट फार्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालगुरु के. को अश्वगंधा की खेती एवं रोज़ैल फसल की खेती के बारे मे जानकारी दी गई एवं बताया गया कि आईटीसी द्वारा सीहोर जिले में लगभग 650 एकड़ मे किसानों द्वारा अश्वगंधा की खेती की जा रही है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. को अश्वगंधा की खेती के अलावा अन्य औषधीय फसलों जैसे स्टीविया, तुलसी, कॉंच, गुग्गल आदि फसलों की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने आईटीसी फार्म पर गुग्गल के पौधे का रोपण भी किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में औषधीय फसलों के तहत होने वाले नवाचार एवं आधुनिक तकनीक को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए, ताकि वे उच्च मूल्य वाली फसलों से बेहतर आय अर्जित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रसंस्करण इकाइयों को स्थानीय स्तर पर प्रोत्साहन देकर कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को किसानों की जरूरत अनुसार तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और विपणन सहायता समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने इछावर विकासखंड में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएमई योजनान्तर्गत लाभान्वित हितग्राही श्री हरीश गुप्ता द्वारा स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाई विनायक नमकीन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान श्री गुप्ता द्वारा कलेक्टर को अपनी इकाई में बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के नमकीन एवं उन्हें बनाने की प्रक्रिया तथा विपणन के बारे में जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान आईटीसी वैज्ञानिक डॉ नागेंद्र मिश्रा, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री जगदीश मुझाल्दा, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री सुनील रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# यूनिवर्सिटी कैंपस में बनेगा 10 एकड़ में 'ऑक्सीजन पार्क'

**निगम आयुक्त भोर में पहुंचे मैदान का निरीक्षण—इंजीनियरों को 5 दिन में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्मार्ट सिटी और नगर निगम मिलकर यूनिवर्सिटी कैंपस में विशाल ऑक्सीजन पार्क विकसित करने जा रहे हैं। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा बुधवार सुबह 7 बजे स्वयं यूनिवर्सिटी के मैदान पहुंचे और परियोजना के लिए स्थल का निरीक्षण किया।

इंजीनियरिंग अध्ययनशाला के पीछे स्थित यह लगभग 10 एकड़ का खाली मैदान पूर्व में बबूल के पेड़ों से घिरा हुआ था, जिन्हें अब हटा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के सीईओ संदीप शिवा, उद्यान विभाग के इंजीनियर मनोज रजवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 5 दिनों के भीतर ऑक्सीजन पार्क की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए, ताकि विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। पार्क में ऐसे पौधों और वृक्षों का रोपण किया जाएगा, जो वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में सहायक हों। इस पहल से परिसर में घूमने आने वाले नागरिकों को स्वच्छ वायु और प्राकृतिक वातावरण मिलेगा।

नगर निगम अधिकारियों का मानना है कि यूनिवर्सिटी कैंपस में हरियाली बढ़ने से आसपास के इलाकों में भी पर्यावरणीय संतुलन सुधरेगा, साथ ही शहर को एक नया हरित पर्यटन स्थल भी प्राप्त होगा।

### ऑक्सीजन पार्क की खास बातें

10 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा हरित ज़ोन
पांच दिनों में तैयार होगी विस्तृत डीपीआर
ऑक्सीजन बढ़ाने वाली प्रजातियों का रोपण
स्मार्ट सिटी और नगर निगम का संयुक्त प्रोजेक्ट

# साड़ी का फंदा बनाकर ड्राइवर ने लगाई फांसी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ड्रायवरी करने वाले बुजुर्ग ने बुधवार सुबह फांसी लगा ली। वृद्ध मां कमरे में पहुंची तो उसने लटका देखा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। देसाई नगर में रहने वाला सुरेश पिता रामदयाल अखंड 55 साल ड्रायवरी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। तीन दिन से अधिक शराब पी रहा था। सुबह मां रामकुंवर बाई उसके कमरे में पहुंची तो सुरेश साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। परिजनों को बुलाने और आसपास के लोगों को सूचना दी गई। सुरेश का शव फंदे से उतारकर चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करवाया है। फिलहाल सुरेश द्वारा फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। संभावना जताई गई है कि शराब के नशे में उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह में जागरूकता का सन्देश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ट्रैफिक डी.एस.पी विक्रम सिंह कानपुरिया एवं डी.एस.पी दिलीप सिंह परिहार ने बच्चों को यातायात नियमों का महत्व समझाते हुए सुरक्षा से जुड़े आवश्यक टिप्स दिए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सड़क पर सतर्क रहने, हेलमेट व सीट बेल्ट के नियमित उपयोग, ट्रैफिक संकेतों का पालन तथा मोबाइल फोन के कारण होने वाले ध्यान भटकाव से बचने जैसी अहम बातें विस्तार से बताईं। बच्चों को यह भी समझाया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए जिम्मेदार नागरिक बनना अत्यंत आवश्यक है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और डीएसपी द्वारा साझा किए गए वास्तविक उदाहरणों से सड़क सुरक्षा की गंभीरता को समझा। साथ ही डी.एस.पी दिलीप सिंह परिहार द्वारा भी विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए एवं अंत में सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया।

## शहर के सुलभ, सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल की सफाई मिशन मोड पर अभियान के रूप में होना चाहिए - महापौर



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर निगम की बनती है जिस प्रकार स्वास्थ्य विभाग का अमला प्रातः काल से लेकर रात्रि कालीन तक शहर की सफाई व्यवस्था को निर्बाध रूप से बनाए रखने के लिए जुटा रहता है निश्चित ही यह सराहनीय कार्य है लेकिन विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्य धरातल पर भी दिखना चाहिए इस और हमें कार्य करना होगा उक्त निर्देश महापौर मुकेश टटवाल द्वारा बुधवार को आयोजित स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाए जाने के उद्देश्य से समस्त वार्डों में सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग हेतु 13 स्वच्छता निरीक्षकों को सेक्टर वाइज नियुक्त किया गया है जो की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे साथ ही गंदगी करने वालों पर प्रभावी रूप से चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

बैठक में महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निर्देशित किया गया कि शहर में प्रतिबंधित डिस्पोजल कप को पूर्ण रूप से बंद करना है इसके लिए 07 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाकर चाय की दुकान एवं गुमटी वालों को समझाइश देने का कार्य करेंगे कि डिस्पोजल कप का उपयोग ना करते हुए कांच की ग्लास का उपयोग करें साथ ही पानी पतासे वाले को भी समझाइश देंगे कि दोने का उपयोग ना करते हुए स्टील की प्लेट का उपयोग करें।

उज्जैन शहर साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बने इसलिए हमें मेहनत से कार्य करते हुए निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों को दिखाना है सफाई कार्य के दौरान नालियों की सफाई के पश्चात तत्काल कचरा उठाया जाए, गंदगी करने वालों पर सख्त रूप से चालानी कार्यवाही नियमित रूप से करें, वार्डों में आवारा एवं हिंसक श्वान को पकड़ने की कार्यवाही करें एवं उद्यानों में श्वान मालिकों द्वारा श्वान को उद्यान में खुले में शौच करवाने पर सख्त रूप से कार्यवाही करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सत्यनारायण चौहान, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, राघवेंद्र सिंह पालिया, स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर, हरीश व्यास, कालूराम सोलंकी एवं स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

# नगर निगम मुख्यालय के पीछे चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**निगम आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर दी सख्त कार्रवाई के निर्देश; अवैध धार्मिक निर्माण की भी होगी जांच**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी निभाने वाले नगर निगम के मुख्यालय के आसपास ही लंबे समय से फैले अतिक्रमण को आखिरकार निगम ने गंभीरता से लिया है। बुधवार सुबह निगम आयुक्त खुद आगर रोड स्थित छत्रपति शिवाजी भवन (नगर निगम मुख्यालय) पहुंचे और परिसर के पीछे व आसपास किए गए सभी अवैध निर्माण, झोपड़ियों और कब्जों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही टीम ने मौके पर कार्रवाई शुरू भी कर दी।

नगर निगम का मुख्यालय पुराने नजर अली मिल परिसर में स्थित है। मुख्य भवन के अलावा यहां स्विमिंग पूल, अन्य कार्यालयीन इमारतें और बड़ी मात्रा में खाली जमीन मौजूद है। इसी खाली जगह पर कई लोगों ने झोपड़ियां डालकर कब्जा कर लिया था। कुछ स्थानों पर डेरे डालकर वर्षों से अतिक्रमण किया जा रहा था।

इसी इलाके में एक छोटा धार्मिक स्थल भी था, जिस पर लगभग 2000 वर्गफीट क्षेत्र में बड़ा निर्माण खड़ा कर दिया गया है। बताया गया कि कोरोना महामारी के दौरान इस धार्मिक स्थल पर अवैध विस्तार किया गया था, जिसकी शिकायत दर्ज होने पर कोतवाली थाना पुलिस ने प्रकरण भी बनाया था। इस निर्माण की जांच फिर से कराने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिए हैं। आयुक्त ने साफ कहा कि जांच में अवैध साबित होने पर पूरा निर्माण हटाया जाएगा।

बुधवार सुबह की कार्रवाई में नगर निगम की टीम ने झोपड़ियों, अस्थायी निर्माणों और अन्य प्रकार के अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया है। टीम पूरे परिसर में चरणबद्ध तरीके से सफाई अभियान चला रही है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय जैसे संवेदनशील स्थान पर अतिक्रमण किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डीजे गाड़ी में आग लगाने वाले बदमाशों का निकाला जुलूस



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** डीजे गाड़ी में आग लगाकर दो भाइयों के साथ मारपीट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर क्षेत्र में जुलूस निकाला। बदमाश पूर्व में भी कई अपराधों को अंजाम दे चुके हैं और कुछ मामलों में फरार चल रहे थे।

आगररोड खिलचीपुर स्थित खंडेश्वर महादेव मंदिर के पास रहने वाला करण पिता मानसिंह पटेल डीजे गाड़ी संचालित करता है। 1 नवंबर की रात में उसने गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। ढाई बजे के लगभग क्षेत्र के बदमाश चंचल बरगुंडा और अर्जुन बरगुंडा, सूरज बरगुंडा पहुंचे और तोड़फोड़ करने लगे। आवाज सुनकर करण और उसका काका का लड़का गणेश पटेल बाहर आये तो बदमाश दिखाई दिये। उन्हे रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने डीजे गाड़ी में आग लगा दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि करण की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। मंगलवार रात तीनों बदमाशों को घेराबंदी कर आगर रोड से गिरफ्तार किया गया। जिनका बुधवार दोपहर क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। बदमाश पूर्व में भी मारपीट और डराने धमकाने के मामले में फरार चल रहे थे। बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज है जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार से और बढ़ेगी ठंड

**लगातार दूसरे दिन भी रात का पारा गिरा**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। कल लगातार दूसरी रात भी न्यूनतम तापमान गिरा और यह 11 डिग्री पर आ गया। जिसके चलते लगातार दूसरे दिन भी शीतलहर कायम है। सर्द हवाओं के कारण शाम से सुबह तक ठिठुरन बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण शुक्रवार से उज्जैन सहित प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में ठंड और बढ़ जाएगी।

वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम था। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री रहा, जो परसों रात की अपेक्षा 1 डिग्री कम था। इस दौरान हवाओं की दिशा पूर्वी और उत्तर-पूर्वी रही। हवाओं की अधिकतम रफ्तार 12 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। दिन में धूप के चलते तो ठंड का असर कमजोर रहा लेकिन शाम को उत्तर आ रही ठंडी हवाओं ने कंपकंपी पैदा की। ठंड का असर रात चढने् के साथ बढ़ता गया और सुबह तक बना रहा।

पूरे दिसंबर ठंड से राहत के संकेत नहीं - मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शुक्रवार से शहर में रात से सुबह तक के तापमान में और कमी देखने को मिलेगी। तापमान में ये कमी पिछले कई सालों के रिकॉर्ड भी तोड़ सकती है। ठंड का दौर माह के अंत तक लगातार जारी रहेगा। इसके चलते दिसंबर में ठंड से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। हालांकि दिन में मौसम खुला रहने और धूप के कारण दिन के तापमान में ज्यादा कमी नहीं आएगी।

## साहित्यिक कार्यक्रम अन्तर्गत कार्तिक मेला मंच पर सम्पन्न हुई चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता




**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बुधवार को कार्तिक मेला अन्तर्गत साहित्यिक कार्यक्रम समिति अंतर्गत कार्तिक मेला मंच पर चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पीएम श्री हाई स्कूल ढांचा भवन अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी एवं बाबा मेमोरियल स्कूल के 50 से विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में भागीदारी की गई भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों को कार्तिक मेला समापन अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार छवि पोरवाल, द्वितीय छाया माली, तृतीय कार्तिक कल्याण, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार छवि पोरवाल, द्वितीय अक्षरा, तृतीय इशिका लौधी, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रियल पोरवाल, द्वितीय पुरस्कार मान्यता वैश्य, तृतीय पुरस्कार नित्यम कल्याने का रहा, इसी के साथ कविता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जियांश, द्वितीय पुरस्कार निकिता परमार, तृतीय पुरस्कार राधिका मीणा ने प्राप्त किया।

# एसआईआर सर्वे में बड़ा खुलासा... मतदाता सूची में मिले 3 हजार 'मृत वोटर'

**सूची से हटाए जाएंगे सभी नाम, सर्वे पूरा होने पर संख्या और बढ़ने की संभावना – कलेक्टर ने सभी तहसीलों में गति बढ़ाने के दिए निर्देश**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) ने एक बड़ा खुलासा किया है। सर्वे के दौरान अभी तक करीब 3 हजार ऐसे मतदाता सामने आए हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, लेकिन फिर भी उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज थे। अधिकारियों का कहना है कि सर्वे पूरी तरह खत्म होने पर यह संख्या और अधिक बढ़ सकती है।

सूत्रों के अनुसार बीएलओ लगातार घर-घर जाकर गणना पत्रक भरवा रहे हैं और ऑनलाइन डाटा भी अपलोड किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मृत मतदाताओं की जानकारी सामने आई है। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों को एसआईआर अभियान तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। तहसील स्तर पर भी टीमों को और सक्रिय कर दिया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक यह संख्या अभी प्रारंभिक है और आधिकारिक आँकड़ा नहीं है। सर्वे समाप्त होने के बाद इन सभी मृत मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे, जिससे भविष्य में किसी तरह की त्रुटि या दुरुपयोग की संभावना न रहे।

11 दिसंबर तक चलेगा वोटर वेरिफिकेशन - एसआईआर का शेड्यूल एक सप्ताह बढ़ा दिया गया है। पहले यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक थी, लेकिन अब इसे 11 दिसंबर तक बढ़ाया गया है।

डिजिटाइजेशन - 11 दिसंबर तक

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन - 16 दिसंबर तक

अंतिम प्रकाशन - फरवरी तक

अधिकारियों ने अपील की है कि सभी नागरिक वोटर सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरण अवश्य मिलान कर लें।

मतदाता सूची में सुधार क्यों ज़रूरी- मृत मतदाताओं के नाम बने रहने से फर्जी मतदान का खतरा

निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रभावित

अपडेटेड वोटर लिस्ट से चुनाव की शुद्धता और विश्वसनीयता बढ़ती है

# बहन के साथ हुई लूट का आरोपी निकाला भाई

**पुलिस ने घर से बरामद किए रुपए, आज न्यायालय में पेश करेगी पुलिस**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 65 साल की महिला के साथ हुई लूट में सगा भाई आरोपी होना सामने आया है। उसने अकेले साजिश रची थी। 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार कर घर से लूट गए रुपए बरामद कर लिए। लूटपाट के समय आरोपी भाई ने बहन के साथ मारपीट की थी जिसके चलते बहन का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

देवास गेट थाना क्षेत्र स्थित हीरामिल की चाल में सोमवार को अंकपात मार्ग पर रहने वाली संपतबाई 65 साल के साथ नकाबपोश बदमाश ने चाकू दिखाकर मारपीट की थी और 50,000 लूट लिए थे। संपतबाई मारपीट में घायल हो गई थी। पुलिस ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की गई थी और हीरामिल क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए थे। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया जो संपतबाई का सगा भाई था। शंका के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की तो लूट की वारदात का पर्दाफाश हो गया। भाई देवीलाल दमामी ने ही साजिश रचकर बहन के साथ लूट की थी। देवास गेट टीआई अनिला पाराशर ने बताया कि आरोपी भाई को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर मंगल नगर स्थित घर की अलमारी से पूरे रुपए बरामद कर लिए गए थे। फिलहाल आरोपी से पूछताछ है। आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

रुपए देख बिगड़ गई नियत- बताया जा रहा है कि बहन संपतबाई ने सोमवार को मकान का काम करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया चिमनगंज क्षेत्र से 4 लाख रुपए निकाले थे। वह अंकपात मार्ग की रहने वाली है, बैंक रुपए निकालने के लिए भाई देवीलाल भी साथ गया था। रुपए देखकर उसे लालच आ गया था वह आर्थिक मंदी से गुजर रहा था जिसके चलते उसमें लूट की साजिश रची थी। लेकिन संपतबाई ने बताया रुपए निकालने के बाद 3.50 लाख रुपए भाई को दिए जो घर लेकर चला गया था। उसे बाजार जाना था जिसके चलते 50 हजार लेकर अकेली पैदल बाजार जा रही थी। इस दौरान नकाबपोश ने पुजारी का पर्स चुराने का आरोप लगाकर रोक लिया था। जानकारी यह भी सामने आई की वृद्धावस्था होने के चलते और बदमाश के चेहरे पर नकाब बांध होने से वह लूट करने वाले भाई को नहीं पहचान पाई थी।

सीसीटीवी कैमरो से मिला सुराग- महिला के साथ लूट होने और आरोपी के अज्ञात होने पर पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे। वही महिला के आने-जाने का रूट भी ट्रैक किया। इस दौरान भाई की गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दी थी जिस पर शंका होते ही उसे हिरासत में लेकर सख्त पूछताछ की गई तो उसने लूट करना कबूल कर लिया। जबकि वहां घायल बहन के साथ अस्पताल में भी मौजूद था वारदात के बाद रुपए घर रखकर वह अस्पताल पहुंच गया था।

## आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा किया गया प्रचलित निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा बुधवार को नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रचलित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में नक्षत्र होटल से आगे की ओर जाने वाले मार्ग पर नगर निगम द्वारा 500 मीटर क्षेत्र में सीमेंट कंक्रीट रोड निर्माण का कार्य प्रचलित है उक्त कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्देश प्रदान किए गए की कार्य की जो समय सीमा निर्धारित की गई है उसी में पूर्ण हो एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए इसके पश्चात वर्कशॉप डिपो चौराहा का निरीक्षण करते हुए चौराहे से अतिक्रमण हटाए जाने, रोड का पेंच वर्क कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए क्योंकि उक्त मार्ग व्यस्ततम मार्ग है चारों ओर से ट्रैफिक का दबाव रहता है इसलिए चौराहा अतिक्रमण मुक्त हो एवं रोड पर जो गड्ढे हैं उन्हें मरम्मत किए जाए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर, कार्यपालन यंत्री श्री पीयूष भार्गव, सहायक यंत्री श्री पीसी यादव आदी।

# दिव्यांग से मारपीट का वीडियो वायरल, जीआरपी पुलिसकर्मी निलंबित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोशल मीडिया पर दिव्यांग के साथ पुलिसकर्मी द्वारा मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद अधिकारियों द्वारा संज्ञान लिया गया।

वीडियो नागदा रेलवे स्टेशन का होने पर मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी की पहचान जीआरपी के प्रधान आरक्षक के रूप में हुई। जिसे अधिकारियों द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

मामला इस प्रकार था कि नागदा के प्लेटफार्म नंबर 1 से मंगलवार को सुबह एक गाड़ी गुजर रही थी जिसके एसी कोच में बैठे यात्री ने रेलवे स्टेशन पर एक पुलिसकर्मी को दिव्यांग के साथ मारपीट करते हुए देखा तो तुरंत उसका वीडियो बना लिया। वीडियो में पुलिस कर्मी दिव्यांग को थप्पड़ मारने के साथ ही उसे पैरों में पहने जूते से भी पीट रहा था। इस पिटाई के कारण दिव्यांग रोता हुआ भी दिखाई दे रहा था। सोशल मीडिया पर जब यह वीडियो वायरल हुआ तो तुरंत नागदा रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना की जानकारी निकाली गई जिसमें पता चला कि चौकी जीआरपी नागदा पर पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक मानसिंह जब प्लेटफार्म नंबर एक ड्यूटी कर रहा था तो उसने प्लेटफार्म पर सो रहे दिव्यांग के साथ मारपीट की है। वायरल हो रहे वीडियो को जीआरपी एसपी रेल श्री शुक्ला ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए मध्य प्रदेश पुलिस रेग्युलेशन के नियम 64 में उल्लेखित सेवा की सामान्य शर्तों का उल्लंघन मानते हुए कार्यवाहक प्र.आर. मानसिंह, चौकी जीआरपी नागदा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रेल पुलिस लाईन इंदौर भेज दिया है। वीडियो में चौकी जीआरपी नागदा में पदस्थ कार्यवाहक प्र.आर. मानसिंह दिव्यांग युवक के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। कार्यवाहक प्र.आर. के इस कृत्य के कारण रेल पुलिस की छवि जनमानस एवं यात्रियों में खराब हो रही थी। इसीलिए जीआरपी एसपी ने कार्यवाहक प्र.आर. के इस कृत्य को कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए तत्काल कार्यवाही की।

### पार्षद प्रकाश जैन ने की थी शिकायत

बताया जाता है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर नागदा के पार्षद प्रकाश जैन ने जीआरपी के प्रधान आरक्षक के इस कृत्य की शिकायत एसपी रेल रतलाम को वीडियो भेज कर की थी। इसके बाद उन्होंने इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई कर डाली।